दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 6 | अभिव्यक्ति 7 | आंचलिक 8 | आंचलिक

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, रविवार 28 जनवरी 2024, वर्ष-12 अंक- 316 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

सही बात है। मोहब्बत और अदावत की तरह ही सियासत में भी सब कुछ जायज होता है। जानी दुश्मन कब जिगरी दोस्त बन जाए और कब किसकी दोस्ती दुश्मनी में बदल जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। नीतीश कुमार तो वैसे ही पलटी मारने के लिए कुख्यात हैं। भाजपा ने भले ही उनके लिए दरवाजे बंद कर दिए थे लेकिन खिड़की और रौशनदान खुले रखे थे। नीतीश कुमार के लिए तो करतब दिखाने के लिए एक छोटा सा सुराख ही काफी है। अब तो खैर उनके लिए सिमसिम खुद दरवाजा खोलने जा रहा है। अब होगा मजेदार खेला।

कोयला और शराब घोटाले में 100 से अधिक लोगों पर केस

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कोयला और शराब घोटाले में मामले में ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रायपुर के एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में एफआईआर दर्ज कराई है। ईडी की ओर से दर्ज केस में कोयला घोटाले में 71 नामजद और शराब घोटाले में 35 नामजद आरोपितों के नाम शामिल है। जिन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है, उसमें पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, दो निलंबित आईएएस, पूर्व मुख्य सचिव, रिटायर्ड आईएएस अफसर सहित कई अन्य कांग्रेसी नेता शामिल हैं। प्रवर्तन निदेशालय की टीम छत्तीसगढ़ में पिछले ढाई सालों से कोल और शराब से जुड़े स्कैम मामले की जांच कर रही है। यह करीब 2500 करोड़ रुपए से ज्यादा है। इसमें कई आईएएस अफसरों पर शिकंजा कसा जा चुका है। इसके अलावा कई कारोबारी भी जेल में हैं। अब इसमें पूर्व मंत्रियों के साथ कई कांग्रेसी नेता भी फंसते दिखाई दे रहे हैं।

शराब मामले में इन पर केस दर्ज : ईडी की ओर से शराब घोटाले के मामले में रायपुर मेयर एजाज ढेबर के कारोबारी भाई अनवर ढेबर, पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, अरूणपति त्रिपाठी, पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, आईएएस निरंजन दास, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कोयला घोटाले में इनके खिलाफ अपराध दर्ज

वहीं कोयला घोटाले के मामले में कवासी लखमा, विधायक और पूर्व आबकारी मंत्री, भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, अमरजीत भगत, पूर्व खाद्य मंत्री, बृहस्पत सिंह, पूर्व विधायक, गुलाब कमरो पूर्व विधायक, शिशुपाल सोरी पूर्व विधायक, चंद्रदेव प्रसाद राय पूर्व विधायक, यूडी मिंज पूर्व विधायक, समीर विश्नोई निलंबित आईएएस, रानू साहू निलंबित आईएएस, सौम्या चौरसिया पूर्व उप सचिव, सीएम कार्यालय, संदीप नायक सहायक खनिज अधिकारी, शिवशंकर नाग खनिज अधिकारी, सूर्यकांत तिवारी कोल कारोबारी, मनीष उपाध्याय, रौशन सिंह, निखिल चंद्राकर, राहुल सिंह, मोइनुद्दीन कुरैशी, वीरेंद्र जायसवाल, रजनीकांत तिवारी, नवनीत तिवारी, रामगोपाल अग्रवाल तत्कालीन कोषाध्यक्ष कांग्रेस, राम प्रताप सिंह तत्कालीन प्रवक्ता कांग्रेस, विनोद तिवारी पीईपी, इंदरीश गांधी पीईपी, सुनील कुमार अग्रवाल, चंद्रप्रकाश जायसवाल और लक्ष्मीकांत तिवारी पर केस दर्ज किया गया है।

पूर्व सीएम भूपेश ने बीजेपी का बताया साजिश

ईडी द्वारा एसीबी में कोयला और शराब घोटाला मामलों में पूर्व कांग्रेस मंत्रियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने भाजपा पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 3 वर्षों से ईडी और आईटी जांच कर रहे थे जांच के बाद उन्होंने अब एसीबी से एफआईआर दर्ज करने को कहा है। पहले ईडी और आईटी द्वारा की गई जांच के दौरान हमारे कई नेताओं के नाम का उल्लेख नहीं किया गया था, लेकिन अब अचानक हमारे नेताओं के नाम एफआईआर में हैं। बघेल ने भाजपा पर कांग्रेस नेताओं को बदनाम करने की साजिश बताते हुए कहा कि इससे स्पष्ट है कि लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के नेताओं को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। इससे पता चलता है कि विष्णुदेव साय कितने छोटी सोच के हैं।

पीएम मोदी आज सुको के हीरक जयंती समारोह का करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 28 जनवरी को दोपहर 12 बजे सुप्रीम कोर्ट सभागार में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नागरिक केंद्रित सूचना और प्रौद्योगिकी पहलें लॉन्च करेंगे, जिसमें डिजिटल सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट (डिजी एससीआर), डिजिटल कोर्ट 2.0 और सुप्रीम कोर्ट की नई वेबसाइट शामिल हैं। इस मौके पर पीएम मोदी सभा को भी संबोधित करेंगे। डिजिटल सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट (एससीआर) देश के नागरिकों को मुफ्त और इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को उपलब्ध कराएगी। डिजिटल एससीआर की मुख्य विशेषता यह हैं कि 1950 के बाद से 36,308 मामलों को कवर करने वाली सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट के सभी 519 खंड डिजिटल प्रारूप में, बुकमार्क किए गए, उपयोगकर्ता के अनुकूल और सभी लोगों की पहुंच के साथ उपलब्ध होंगे। डिजिटल कोर्ट 2.0 अनुप्रयोग जिला अदालतों के न्यायाधीशों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा आज आएंगी रायपुर

रायपुर/नवप्रदेश। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा आज दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आएंगी। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद यह उनका पहला दौरा है। वे यहां महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव और न्याय यात्रा के लिए रिचार्ज करेंगी। राजीव भवन में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक लेंगी। दोनों दिन तक अलका लंबा अलग-अलग कार्यक्रम में शामिल होंगी। कांग्रेस पार्टी की तरफ से जानकारी दी गई है कि अलका लांबा रविवार सुबह 11 बजे कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन पहुंचेंगी। वहां सबसे पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस लेंगी। फिर करीब 1 बजे से महिला कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक होगी। इस बैठक में लोकसभा चुनाव के साथ-साथ न्याय यात्रा की तैयारियों को लेकर चर्चा होगी।

बिजली की नई दर जल्द होगी लागू

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए नई बिजली दर तय करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। तीन प्रमुख सरकारी बिजली कंपनियों ने टैरिफ प्रस्ताव राज्य विद्युत नियामक आयोग को भेज दिया है। आयोग इन प्रस्तावों का अध्ययन करने के बाद इन्हें सार्वजनिक रूप से प्रकाशित करेगा। राज्य विद्युत नियामक आयोग के सचिव एसपी शुक्ला ने मीडिया को बताया कि आयोग को कंपनियों से टैरिफ प्रस्ताव मिल गया है। नई दरों के निर्धारण की प्रक्रिया चल रही है। बिजली के दाम बढ़ेंगे या वही रहेंगे, इस पर फैसला लिया जाएगा। लोकसभा चुनाव को देखते हुए कहा जा रहा है कि इस साल बिजली दरों में कोई खास बदलाव नहीं होगा। हालांकि, यह भी चर्चा है कि बिजली दरों के निर्धारण की प्रक्रिया शुरू होने तक चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा कर दी जायेगी। ऐसे में चुनाव खत्म होने के बाद ही नई दरों की घोषणा की जाएगी। ऐसे में जरूरत पड़ने पर जरूरत के हिसाब से दरें बढ़ाई जा सकती हैं।

नीतीश आज विधायक दल की बैठक के बाद देंगे इस्तीफा

पटना। बिहार में नीतीश-लालू का गठबंधन टूट गया है। नीतीश कुमार रविवार सुबह 10 बजे विधायक दल की बैठक के बाद राज्यपाल को अपना इस्तीफ ा सौंपेंगे। साथ ही नई सरकार बनाने का दावा भी पेश करेंगे। जेडीयू कोर कमेटी की बैठक में यह फैसला लिया गया। राज्यपाल से आज ही नए सीएम के तौर पर शपथ दिलाने की मांग करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, नीतीश 2 डिप्टी सीएम के साथ शपथ लेंगे। ये दोनों डिप्टी सीएम भाजपा से हो सकते हैं। भाजपा-जेडीयू की तरफ से 14-14 मंत्री शपथ ले सकते हैं। जीतन राम मांझी की पार्टी ने भी 2 मंत्री पद की मांग की है। शपथ समारोह में गृहमंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल हो सकते हैं। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने बनाई स्ट्रेटजी

रायपुर/नवप्रदेश। हाल ही में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को करारी हार मिली है। कांग्रेस के 2 राज्य छिन गए। छत्तीसगढ़ और राजस्थान से पार्टी की सरकार चली गई। जबकि मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस सरकार बनाने में नाकाम रही है। केवल तेलंगाना में ही कांग्रेस को बहुमत मिला। विस चुनाव में मिली हार को पीछे छोड़ अब कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें जीतने के लिए शुक्रवार और शनिवार को कांग्रेस की बैक टू बैक बैठकें हुईं। शुक्रवार को जहां कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हुई तो वहीं शनिवार को कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक हुई। इस बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर स्ट्रेटजी बनाई गई। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, स्क्रीनिंग कमेटी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

न्याय यात्रा के सीनियर ऑब्जर्वर बनाए गए भूपेश

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के व्यवस्थित संचालन के लिए छग के पूर्व सीएम भूपेश बघेल को बिहार में यात्रा के समन्वयन के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए शनिवार को बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बघेल को तत्काल काम शुरू करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि बघेल भारत जोड़ो न्याय यात्रा के व्यवस्थित संचालन के साथ ही बिहार में पार्टी की अन्य गतिविधियों को भी देखेंगे। भूपेश बघेल शनिवार शाम को दिल्ली रवाना हो गए। वे रविवार को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पोप के शतक से इंग्लैंड को बढ़त

हैदराबाद। ओली पोप की शतकीय पारी के दम पर इंग्लिश टीम भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में बनी हुई है। टीम ने तीसरे दिन मेजबानों पर 126 रनों की बढ़त हासिल कर ली है। इंग्लिश टीम ने स्टंप्स तक दूसरी पारी में 316/6 रन बना लिए हैं। ओली पोप 148 रन और रेहान अहमद 16 रन पर नाबाद हैं। हैदराबाद में शनिवार को भारत ने 421/7 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और और पहली पारी में 436 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने आखिरी तीन विकेट गंवा कर 15 रन ही बनाए।

सीएम साय ने दैनिक नवप्रदेश के वार्षिक कैलेंडर का किया विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को राज्य अतिथि गृह पहुना में दैनिक नव प्रदेश के वर्ष 2024 के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर दैनिक नवप्रदेश के प्रधान संपादक यशवंत धोटे, डायरेक्टर सौरभ, हेमंत और अगस्ती तांडी भी उपस्थित थे।

विधायक लता उसेंडी लोस चुनाव के लिए ओड़िशा के सहप्रभारी नियुक्त

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा ने आगामी 2024 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए चुनाव प्रभारियों और सह-प्रभारियों की घोषणा कर दी है। भाजपा की ओर से जारी की गई प्रभारियों और सह-प्रभारियों की सूची में छत्तीसगढ़ की लता उसेंडी का नाम भी शामिल हैं। बीजेपी ने लता उसेंडी को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें ओडिशा का सह प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी ने सांसद विजयपाल सिंह को ओडिशा का प्रभारी नियुक्त किया है। लता उसेंडी सांसद विजयपाल सिंह के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा के लिए काम करेंगी। लता उसेंडी आदिवासी समुदाय से आती हैं। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के कोंडागांव विधानसभा सीट से विधायक हैं। लता उसेंडी छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार में मंत्री भी रहीं हैं। उसेंडी भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में भी शामिल हैं। लता उसेंडी को पहली बार जेपी नड्डा की टीम में जगह मिली है।

लोगों के सपनों को करेंगे साकार, हर वादा पूरा करेगी हमारी सरकार : साय

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गणतंत्र दिवस के मौके पर जगदलपुर के लालबाग मैदान में तिरंगा फहराया। फि र परेड की सलामी ली। जगदलपुर के मंच से मुख्यमंत्री ने कहा है कि भगवान राम के प्रति अटूट श्रद्धा हमारी पहचान है। हम 'रघुकुल रीति सदा चली आई, प्राण जाई पर वचन न जाई' का अनुसरण करते हैं। हमारी चेतना में एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय का दर्शन समाहित है, जो हमें मानव धर्म के लक्ष्यों के प्रति जागरूक रखता है। इनके रास्ते पर चलते हुए हम छत्तीसगढ़ के जन-जन का सपना पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि आज के दिन, भारत के अमृत काल में, 75वें गणतंत्र दिवस के रूप में एक सुनहरी कड़ी जुड़ रही है। यह पावन अवसर हमारे देश के महान संविधान की सफलता का सबसे बड़ा पर्व है। इस अवसर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

घर वापसी.... प्रबल प्रताप जूदेव बोले- जब तक जीवित हूं चलता रहेगा अभियान

251 परिवार के एक हजार लोगों की पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कराई घर वापसी

रायपुर/नवप्रदेश। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री के रायपुर में आयोजित हनुमंत कथा में शनिवार को मंतातरित लोगों की घर वापसी कराई गई। कथा के अंतिम दिन 251 परिवार के एक हजार मतांतरित लोगों ने अपने मूल धर्म में वापसी की। ये सभी लोग रायगढ़, जशपुर, कोरबा, सक्ति व धमतरी जिले के रहने वाले हैं। घर वापसी करने वालों के चरण धोकर भगवा पटका पहनाया गया साथ ही भगवान की आरती करवाई गई। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने वापसी करने वालों को भगवा गमछा पहनाकर आशीर्वाद दिया। इस दौरान भाजपा नेता व मंतातरित लोगों की घर वापसी के अभियान में लगे प्रबल प्रताप सिंह जूदेव भी मौजूद रहे। इस दौरान जूदेव ने कहा कि आज के कार्यक्रम में 251 परिवार की घर वापसी हुई। उन्होंने कहा मेरे पिता ने जो काम शुरू किया था, जिसमें उन्होंने लाखों लोगों की घर वापसी कराई। इस पुनीत कार्य को अब मैं आगे बढ़ा रहा हूं। जब तक जीवित रहूंगा तब तक घर वापसी का अभियान चलता रहेगा। उन्होंने बताया कि अब तक 17 हजार से ज्यादा लोगों की मूल धर्म में वापसी है।

हम किसी भी धर्म के विरोधी नहीं

पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने घर वापसी को लेकर कहा कि हम किसी के धर्म के विरोधी नहीं हैं, न ही हमने किसी को यहां बुलवाया। सभी लोग हनुमान जी के आशीर्वाद से यहां आए हैं। मैं धर्मांतरण का पक्षधर नहीं हूं। मैं घर वापसी में विश्वास करता हूं। उन्होंने प्रबल प्रताप जूदेव की की तारीफ की। उन्होंने कहा आज छत्तीसगढ़ के धरती पर सनातन का फिर से झंडा गड़ गया। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री लगातार धर्मांतरण कर चुके लोगों की घर वापसी करा रहे हैं। पिछले साल भी रायपुर में कथा के दौरान दूसरे धर्म के लोगो की घर वापसी करवाई थी। कथा के समापन के दिन 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया। 21 गरीब परिवारों के बेटियों को विवाह के दौरान घर-गृहस्थी का जरूरत का सामान भी दिया गया।

समस्त जिलेवासियों एवं किसान भाइयों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाइयां एवं शुभकामनाएं
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
केदार कश्यप
सहकारिता मंत्री
ईश्वर साहू
विधायक साजा
सेवा सहकारी समिति ठेलका
हीरालाल पटेल
समिति प्रबंधक
विनय कुमार जेहोआश
प्राधिकृत अधिकारी
संजय कुमार चौबे
शाखा प्रबंधक ठेलका
सेवा सहकारी समिति बेलतरा
रामकिशुन वर्मा
समिति प्रबंधक
संजय कुमार चौबे
प्राधिकृत अधिकारी व शाखा प्रबंधक ठेलका
सेवा सहकारी समिति सोमईकला
संतोष निर्मलकर
सहायक समिति प्रबंधक
रामकिशुन वर्मा
समिति प्रबंधक
संजय कुमार चौबे
प्राधिकृत अधिकारी व शाखा प्रबंधक ठेलका
सेवा सहकारी समिति भरदा
घनश्याम विश्वकर्मा
सहायक समिति प्रबंधक
संजय कुमार चौबे
प्राधिकृत अधिकारी व शाखा प्रबंधक ठेलका
सेवा सहकारी समिति कांपा
हीरालाल पटेल
समिति प्रबंधक
विनय कुमार जेहोआश
प्राधिकृत अधिकारी
संजय कुमार चौबे
शाखा प्रबंधक ठेलका
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग, शाखा-ठेलका (साजा) बेमेतरा

समस्त जिलेवासियों एवं किसान भाइयों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाइयां एवं शुभकामनाएं
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
केदार कश्यप
सहकारिता मंत्री
ईश्वर साहू
विधायक साजा
सेवा सहकारी समिति केहका
रामजी साहू
समिति प्रबंधक
एम.डी. मस्तके
प्राधिकृत अधिकारी व शाखा प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति बोरतरा
रामजी साहू
समिति प्रबंधक
एम.डी. मस्तके
प्राधिकृत अधिकारी व शाखा प्रबंधक केहका
सेवा सहकारी समिति कोंगियाकला
डोमार जायसवाल
समिति प्रबंधक
एम.डी. मस्तके
प्राधिकृत अधिकारी व शाखा प्रबंधक केहका
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग, शाखा-केहका (साजा) बेमेतरा

न्यूज गैलरी

ज्ञान गंगा स्कूल को मिला प्रथम पुरस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। ज्ञान गंगा ऐजुकेशनल ऐकेडमी के छात्रों द्वारा भव्य गणतंत्र दिवस समारोह में प्रस्तुत

आकर्षक और मनोहारी नृत्य के कारण राज्यपाल कर कमलों से सर्वश्रेष्ठ विद्यालय के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पुलिस परेड ग्राउण्ड में 75 वाँ गणतंत्र दिवस समारोह राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन की गौरवमयी उपस्थिति पर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सशक्त सुरक्षा-बल, नगर-सेना पुलिस एवं सुरक्षा-बल, घुड़सवार बल, बैंड वैग पाइपर दस्ता परेड में शामिल हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रदेश के चुने हुये विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने नृत्य-गीत से समारोह में मनमोहक प्रस्तुति दी। स्कूल के डायरेक्टर सचिन शांडिल्य ने दी। उन्होंने बताया कि इस भव्य समारोह में ज्ञान गंगा ऐजुकेशनल ऐकेडमी, रायपुर के 120 छात्र-छात्राओं का चयन नृत्य के लिये किया गया था। राजधानी के कुछ चुनिंदा विद्यालयों के छात्रों को ही इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिये चयनित किया गया था जिसमें ज्ञान गंगा के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गीत के बोल थे- हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा जिसे ख्यातिलब्ध कोरियोग्राफर विद्यालय के नृत्य शिक्षिकाओं ने कोरियोग्राफ किया था। ज्ञान गंगा ऐजुकेशनल ऐकेडमी के छात्रों की प्रस्तुति इतनी आकर्षक और मनोहारी थी कि उन्हें सर्वश्रेष्ठ विद्यालय के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

शिवांश स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस

रायपुर/नवप्रदेश। काठाड़ीह स्थित शिवांश इंटरनेशनल स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ

मनाया गया। स्कूल की सचिव पद्मिनी शर्मा ने ध्वज वंदन किया। इस मौके पर उन्होंने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। स्कूल द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओ को एवं खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालो बच्चो को प्रशस्ति प्रमाण पत्र, मेडल व ट्रॉफी प्रदान किये गए। स्कूल की प्राचार्या दीपाली त्रिपाठी ने सभी बच्चों, शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

सफाई में देरी पर सुपरवाइजर निलंबित ठेकेदार पर 10 हजार जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा अनुरूप नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव द्वारा नागरिकों तक सफाई व बुनियादी सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने दिए गए निर्देशों के अनुरूप नगर निगम रायपुर अपनी सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने में जुटा हुआ है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने नगर निगम आयुक्त ने कई वार्ड का औचक निरीक्षण किया। कचना मुख्य मार्ग की सफाई विलंब पाते हुए उन्होंने जोन के सफाई सुपरवाइजर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, एवं जोन कमिश्नरों से कहा है कि चेतावनी के बाद भी लापरवाही बरतने वालों के सफाई ठेके निरस्त कर दें तथा नागरिक सुविधाओं में कमी पाए जाने पर तत्काल कार्यवाही करें।

कर्तव्य पथ पर निकली 'बस्तर की आदिम जनसंसद मुरिया दरबार' दर्शकों का मोहा मन

रायपुर/नवप्रदेश। नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल छत्तीसगढ़ की झांकी ''बस्तर की आदिम जनसंसद मुरिया दरबार'' ने दर्शकों का मन मोह लिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित देश के अनेक शीर्षस्थ लोग, विशिष्ट अतिथिगण तथा आम-नागरिक दर्शक-दीर्घा में उपस्थित थे। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मुख्य अतिथि थे। प्रदेश की इस झांकी के विषय चयन एवं प्रस्तुतिकरण के लिए राज्य शासन ने जनसंपर्क विभाग को जिम्मेदारी दी थी। विषयों पर व्यापक शोध एवं अन्वेषण के बाद वरिष्ठ अधिकारियों एवं विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में झांकी को

तैयार किया गया था। छत्तीसगढ़ की झांकी भारत सरकार की थीम 'भारत लोकतंत्र की जननी' पर आधारित थी। यह झांकी जनजातीय समाज में आदि-काल से उपस्थित लोकतांत्रिक चेतना और परंपराओं को दर्शाती है, जो आजादी के 75 साल बाद भी राज्य के बस्तर संभाग में जीवंत और प्रचलित है। इस झांकी में केंद्रीय विषय ''आदिम जन-संसद'' के अंतर्गत जगदलपुर के ''मुरिया दरबार'' और कोंडागांव जिले के बड़े डोंगर में स्थित ''लिमऊ-राजा'' को दर्शाया गया था। झांकी के प्रदर्शन के दौरान कर्तव्य पथ पर छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों ने परब नृत्य भी प्रस्तुत किया।

उद्योग-धंधे और व्यापार से पैदा होने वाले रोजगारों में स्थानीय को दें प्राथमिकता : साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में व्यापार और उद्योगों की सतत उन्नति और विकास हो। आप सभी का व्यवसाय खूब फले-फूले और तरक्की करे। अपने उद्योग-धंधे और व्यापार से पैदा होने वाले रोजगारों में स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता दें। वे शनिवार को पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, रायपुर के सभागार में आयोजित छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के 64वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स की ओर से मुख्यमंत्री का गजमाला पहनाकर स्वागत और अभिवादन किया गया तथा उन्हें प्रभु श्री राम की प्रतिमा भेंट की गई। सीएम ने कहा कि पूरे प्रदेश में लगभग 12 लाख व्यापारी हैं और राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने में उद्योगों का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है। यहां की धरती उर्वर है और किसान मेहनतकश हैं। यहां धान की बंपर पैदावार होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में

खनिज संपदा का भी विपुल भंडार है। लोहा, कोयला, टिन, बॉक्साइट जैसे बहुमूल्य खनिज यहां उपलब्ध है। प्रदेश लघु वनोपजों के संग्रहण में भी अग्रणी है। पानी और बिजली की भी पर्याप्त उपलब्धता है। इस तरह प्रदेश में उद्योगों के विकास की असीम संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में व्यवसाय के अनुकूल वातावरण तैयार करने का काम किया है। उद्योगों के विकास को बढ़ावा देने के लिए अनेकों निर्णय लिए गए हैं, जिससे व्यापार आसान और सुगम हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भी व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए समर्पित होकर कार्य करेगी। भारत के विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का संकल्प भी निश्चित ही पूरा होगा। वहीं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमेन सुनील सिंघी ने कहा कि देश में सुगम, सरल, सुरक्षित व्यापार के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल से राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड की स्थापना की गई है। इस व्यवस्था में भारत सरकार के 9 विभाग को जोड़ा गया है। इसमें नीति आयोग भी शामिल है, जिससे राष्ट्र स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि बोर्ड के माध्यम से छोटे बड़े सभी व्यवसायों और उद्योगों के हित की बात की जाती है। श्री सिंघी ने राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के विभिन्न पहल और आगामी कार्ययोजना की जानकारी भी साझा की।

चार बच्चें राज्य वीरता पुरस्कार से सम्मानित

राज्यपाल ने किया पुरस्कृत

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में आयोजित गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने राज्य के 4 बच्चों को उनकी विशेष वीरता, साहस एवं बुद्धिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया। इस पुरस्कार के लिए इन बच्चों को 25 हजार रूपए की राशि और प्रशस्ति पत्र दिया गया है। इनमें मास्टर अरनव सिंह, मास्टर ओम उपाध्याय, मास्टर प्रेमचंद साहू और मास्टर लोकेश कुमार साहू शामिल हैं। सरगुजा जिले के लक्ष्मीपुर में रहने वाले 16 वर्षीय मास्टर अरनव सिंह ने बताया कि 12 नवम्बर 2023 को अपने परिवार के साथ गृह ग्राम उदयपुर में दीपावली पूजन के उपरांत सहपरिवार रात्रि 11.30

बजे कार से अम्बिकापुर की ओर आ रहे थे। रात्रि लगभग 12.30 बजे साड़बहार बैरियर के पास पहुंचते ही उन्हें कुछ दूरी पर आग की ऊंची-ऊंची लपटें दिखाई देने लगी। वहां जाकर देखा कि स्वच्छता चेतना पार्क के पास स्थित डंपिंग यार्ड में भीषण आग लगी हुई थी। मास्टर अनवर सिंह ने तत्काल 112 नम्बर पर कॉल किया। 15 मिनट के भीतर ही मणिपुर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ प्रशासनिक अधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गये और वहां सो रहे तीन व्यक्तियों तथा चौकीदार को जगाकर उठाया एवं प्रशासन के सहयोग से सभी को सुरक्षित बाहर निकलवाया। दुर्ग जिले के कृपाल नगर भिलाई निवासी दिव्यांग 16 वर्षीय मास्टर ओम उपाध्याय 20 दिसम्बर 2023 को सुबह 8.30 बजे अपने घर के पास छोटे-छोटे बच्चों के साथ खेल रहे थे। दूर खड़े ओम ने देखा कि कुछ खौफनाक कुत्ते बच्चों की ओर बढ़ रहे है, उसने पहले कुत्तों को वहां से भगाने का प्रयास किया, लेकिन एक कुत्ता आक्रमक हो गया और बच्चों की तरफ दौड़ने लगा। तब मास्टर ओम ने अपने जान की परवाह किए बगैर बच्चे को बचाया और आक्रमक कुत्ते को दौड़ने लगा, इस दौरान कुत्ते ने ओम के हाथ में दांत गड़ा दिया।

हार के डर से भूपेश चुनाव लड़ने से कर रहे मना : केदार

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा लोकसभा चुनाव लड़ने से इंकार करने पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि देशभर में कांग्रेस अब अपने सबसे दयनीय राजनीतिक दौर से गुजर रही है। हालत यह हो गई है कि कांग्रेस की टिकट पर अब छत्तीसगढ़ में कोई लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए तैयार तक नहीं है। श्री गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्षम नेतृत्व और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की तयशुदा जीत को देखकर घबराहट में है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि हाल के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी शिकस्त के सदमे से पूर्व मुख्यमंत्री बघेल अब तक उबर नहीं पाए हैं और अब बहानेबाजी करके चुनाव मैदान से भाग रहे हैं।

मुरिया दरबार' में शामिल लोक-कलाकारों ने पीएम से की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड से पूर्व 25 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न प्रदेशों से झांकी के प्रदर्शन के लिए राजधानी आए लोक-कलाकारों को आमंत्रित कर उनसे मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया। इसी दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ की झांकी ''बस्तर की आदिम जनसंसद: मुरिया दरबार'' में शामिल लोक-कलाकारों से भी मुलाकात की।

इन कलाकारों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपनी शुभकामनाओं के साथ छत्तीसगढ़ से नई दिल्ली रवाना किया था। पीएम मोदी ने सभी राज्यों से आयीं महिला कलाकारों को अच्छे एवं जीवंत प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यों से नई दिल्ली पहुंचे एनसीसी और एनएसएस के बच्चों से भी मुलाकात की। इस

अवसर पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सूचना एंव प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर, जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा, तथा अन्य मंत्रिगण मौजूद थे। मोदी ने कलाकारों को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार गणतंत्र दिवस की परेड देश की नारी शक्ति को समर्पित है। मैं आज यहां इतनी बड़ी संख्या में देश के अलग-अलग हिस्सों से आई बेटियों को देख रहा हूं। आप यहां अकेले नहीं आए हैं बल्कि आप सभी अपने साथ अपने राज्यों के रीति रिवाज और अपने समाज की समृद्ध सोच भी लेकर आए हैं। आज आप सब से मिलना भी एक विशेष अवसर बन गया है। कड़ाके की ठंड में आप सभी ने घने कोहरे के बीच दिन-रात रिहर्सल किया और गजब की परफॉर्मेंस दे रहे हैं। मुझे पक्का विश्वास है कि जब आप यहां से अपने घर जाएंगे तो आपके पास गणतंत्र दिवस के अनुभवों के बारे में बताने के लिए काफी कुछ होगा और यही तो इस देश की विशेषता है। विविधताओं से भरे हमारे देश में सिर्फ एक राज्य से दूसरे राज्य में जाने से ही जीवन में नए अनुभव जुड़ने लग जाते हैं।

युवा उद्यमिता के लिए आवश्यक है स्वदेशी मेला : विजय शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। भारतवर्ष विश्व में सर्वाधिक युवाओं की आबादी वाला देश है। युवाओं को उद्यमशीलता से जोड़कर उनकी प्रतिभा व क्षमता को राष्ट्रीय विकास के स्तर को शिखर पर स्थापित किया जा सकता है। यह बातें उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्वदेशी मेला के मुख्य अतिथि की आसंदी से कहा। उन्होंने कहा कि आज सुरक्षा उपकरणों में तकनीकी दक्षता, चिकित्सा, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत ने अविस्मरणीय प्रगति की है। आज छत्तीसगढ़ नक्सली गतिविधियों के लिए बल्कि सभ्यता, संस्कृति की धरोहर और विशिष्ट कला के लिए पहचाना जाता है। छत्तीसगढ़ बहुत तेजी से भारत के नक्शे पर अपनी प्रगति के बल पर उभरा है।

स्वदेशी मेला में संध्याकालीन समारोह के विशिष्ट अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि स्थानीय संस्थानों के माध्यम से नवीन प्रशिक्षण प्राप्त करके स्टार्ट अप कंपनियों के माध्यम से उद्यमिता को नया स्थान मिला है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि पूर्व संगठन महामंत्री भाजपा रामप्रताप सिंह ने कहा कि स्थानीय मंच का प्रतीक स्वदेशी मेला लोकजीवन से जुड़ी कई अनूठी औषधियों, वन उत्पादों, मिलेट्स आदि के जरिए उनको मुख्य धारा से जोड़ने और उनके प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित 7 दिवसीय मेला लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मेले में उमड़ती भीड़ लोककला संस्कृति से सजे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं साथ ही मनोहारी प्रस्तुतियों का मुग्ध होकर देर रात तक लुत्फ उठाते रहे। संध्याकालीन सांस्कृतिक समारोह में रंग सरोवर मंच के भूपेंद्र साहु, पांडुका द्वारा लोकमाटी की खुशबू स्वरलहरियों की मधुर तरंगों के माध्यम से बिखेरी गई। भारत के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक धरोहरों के उत्सव कार्यक्रम में केरल की संस्कृति अपने विशिष्ट परिधानों और भाषाई रंगों के संयोजन के साथ अनोखी छटा बिखेर गया जो दर्शकों को खूब भाया।

सीएम साय से नाचा के सदस्यों ने की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शुक्रवार शाम राज्य अतिथि गृह पहुना में नॉर्थ अमेरिका छत्तीसगढ़ एसोसिएशन (नाचा) के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री को गणतंत्र दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। सीएम साय को प्रतिनिधिमंडल ने नाचा की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि नाचा 19 देशों में कार्यरत है। इसके 3000 से अधिक सदस्य हैं। इनके सदस्य सामाजिक कार्यों के साथ ही छत्तीसगढ़ की कला एवं संस्कृति को विदेशों में विभिन

कार्यक्रमों के माध्यम से पहचान दिलाने के लिए काम कर रहे हैं। सदस्यों ने मुख्यमंत्री को शिकागो यूएसए में डीट्राइबल्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्वदेशी मेले में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने नाचा के कार्यों की सराहना की और आमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया। प्रतिनिधिमंडल में नाचा के संस्थापक एवं कार्यकारी अध्यक्ष दीपाली सरावगी, संस्थापक गणेश कर, उपाध्यक्ष मीनल मिश्रा, संयोजक गौरव गुप्ता, अध्यक्ष कोलोराडो चैप्टर अभिजात मिश्रा मौजूद थे।

बेरोजगार इंजीनियरों को सोलर के क्षेत्र में मिलेगा रोजगार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में सौर संयंत्रों की स्थापना के लिए क्रेडा द्वारा पूर्व निर्धारित प्रक्रिया अनुसार स्थापनाकर्ता इकाईयों का पंजीयन किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 22 जनवरी को घोषित प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के क्रियान्वयन हेतु अधिक संख्या में स्थापनाकर्ता इकाईयों की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व वर्षों में पंजीकरण हेतु निर्धारित धरोहर राशि को क्रेडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश सिंह राणा द्वारा पहल की जाकर कम करने का निर्णय लिया गया है। जिससे

अधिक से अधिक स्थापनाकर्ता इकाई क्रेडा में पंजीकृत हो सके तथा मार्केट-मोड एवं अन्य योजना अंतर्गत अधिक से अधिक सौर संयंत्रों की स्थापना कर प्रदेश-वासियों को लाभान्वित किया जा सके। धरोहर राशि की पूर्व में प्रचलित तथा वर्तमान में संशोधत दरें इस प्रकार हैं - सिस्टम इंटीग्रेटर श्रेणी में पूर्व में प्रचलित धरोहर राशि (ई.एम.डी. राशि) 5 लाख रूपए थी, जिसे घटाकर साढ़े तीन लाख रूपए किया गया है। इस श्रेणी में छत्तीसगढ़ के इंजीनियरों के लिए धरोहर राशि घटाकर ढ़ाई लाख रूपए कर दी गई है। इसी तरह वेंडर श्रेणी में छोटे उत्पाद (ल्यूमिनरी, पाईप) एवं पी-डी-एन. मटेरियल आदि के लिए धरोहर राशि पूर्व में 5 लाख रूपए थी, जिसे संशोधित कर 4 लाख रूपए कर दिया गया है।

विभिन्न विभागों ने प्रस्तुत की योजनाओं पर आधारित झांकियां, ग्रामोद्योग विभाग को मिला पहला पुरस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा झांकियां प्रस्तुत की गई। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने श्रेष्ठ झांकियों को पुरस्कृत किया। इनमें पहला पुरस्कार ग्रामोद्योग विभाग को, दूसरा पुरस्कार जेल एवं सुधारात्मक विभाग और तीसरा समाज कल्याण विभाग को मिला। ग्रामोद्योग विभाग द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर आधारित योजना को झांकी में प्रदर्शित किया गया। इसके माध्यम से ग्रामोद्योग विभाग अंतर्गत ट्रेड को मुख्य रूप से प्रदर्शित किया गया, जिसमें हस्तशिल्प बोर्ड द्वारा लोहारी कार्य प्रदर्शित करते हुए लौह हस्त शिल्प तथा बेलमेटल शिल्प का जीवंत प्रदर्शन शामिल है। पुलिस विभाग द्वारा प्रस्तुत झांकी में वर्ष 2023 में संशोधित नये कानून को प्रस्तुत कर नवीन कानून संबंधित जानकारी देकर आम जनता को उनके हितों

अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। जेल एवं सुधारात्मक सेवा विभाग की झांकी का थीम ''छत्तीसगढ़ जेल बंदी पुनर्वास की ओर बढ़ते कदम'' था। जिसके प्रथम भाग में जेल के अंदर कैदियों के सुधारात्मक सेवा में हिस्सा लेते और सजा काटने के बाद समाज में सकारात्मक सदस्य के रूप में वापस लौटते हुए दिखाया गया है। द्वितीय भाग में विवेकानंद की ध्यानात्मक प्रतिमा और अंतिम भाग में बंदियों द्वारा किए जा रहे मलखम्ब को प्रदर्शित किया गया। वहीं आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग ने पीएम-जनमन की संकल्पना को प्रदर्शित करते हुए झांकी निकाली गई। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा कृषक उन्नत योजना के अंतर्गत किसानों की उन्नति के लिए धान खरीदी 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से किसानों को भुगतान की गारंटी, किसानों के प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल धान की खरीदी तथा गैस सिलेण्डर प्रदाय योजना अंतर्गत 500 रूपए में गरीब परिवार को रसोई गैस देने की गारंटी को प्रदर्शित किया गया। कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा केन्द्र सरकार की मृदा स्वास्थ्य योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, ड्रोन के माध्यम से नैनो उर्वरकों एवं कीटनाशी रसायनों का दक्षतापूर्ण छिड़काव सहित अन्य योजनाओं को प्रदर्शित किया गया।

युकां के रोजगार दो न्याय दो अभियान की शुरुआत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस द्वारा शनिवार को राजीव भवन में युकां के राष्ट्रीय सचिव एवं युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावारू द्वारा रोजगार दो न्याय दो दो अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रदेश के युवाओं को पिछले 10 वर्ष में जो नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा दो करोड़ लोगों को प्रति वर्ष रोजगार देने का वादा किया था जिसमें मोदी सरकार विफल रही। इसको लेकर रोजगार दो न्याय दो के अभियान को छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता घर-घर तक ले जाने का प्रयास करेगी और युवाओं को जो रोजगार नहीं मिला है उसके बारे में अवगत कराएगी। प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय प्रभारी युवा कांग्रेस कृष्णा

अल्लावारू ने कहा की रोजगार दो न्याय दो यह अभियान युवा कांग्रेस राष्ट्रीय वापी तौर पर कर रही है इस अभियान को पूरे देश में किया जा रहा है इस अभियान की शुरुआत आज छत्तीसगढ़ के रायपुर शहर से प्रेस वार्ता के माध्यम से हम इसका विमोचन कर रहे हैं।

इस अभियान के तहत युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता डोर टू डोर अभियान जाकर युवाओं को जो रोजगार केंद्र की सरकार से नहीं मिला उसको लेकर ऑनलाइन मध्य एवं ऑफलाइन मध्य दोनों ही तरीके से रोजगार दो न्याय दो के अभियान को युवाओं तक पहुंचाने का प्रयास करेगी यह बस घर तक ही सीमित नहीं रहेगा बल्कि कॉलेज में जाकर कोचिंग सेंटरों में जाकर यूथ कांग्रेस फॉर्म भरने का कार्य करेगी एवं जिन्हें रोजगार नहीं मिला है उन तक युवा कांग्रेस पहुंचेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव कोको पाढ़ी, प्रदेश प्रभारी डॉ पलक वर्मा, प्रदेश महामंत्री सुबोध हरितवाल, मिलिंद गौतम, लोकेश वशिष्ठ, आशीष द्विवेदी, तुषार गुहा आदि उपस्थित थे।

भक्ति से कह देना तुम हमारे मन रूपी भवन में रहो : धीरेंद्र

रायपुर/नवप्रदेश। पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज पूज्यश्री बागेश्वर धाम सरकार ने विवेकानंद विद्यापीठ के सामने कोटा स्थित विशाल प्रांगण में निर्मित बागेश्वर धाम के कथा पंडाल में चतुर्थ दिवस शुक्रवार को श्रीराम चरित्र चर्चा एवं जन्म से जनकपुर तक की कथा के अंतर्गत कहा कि हम लोग जरा सा काम करने पर अभिमान से भर जाते हैं। इनसे सीखो भारत के लोगों धन्य हैं हनुमानजी जो रामजी का इतना बड़ा काम करके भी अभिमान से नहीं भगवान से भर गए। अहम की अकड़ ज्यादा चल नहीं सकती, मौत की घड़ी टल नहीं सकती, लूटकर दौलत भले ही जमा कर लो भैया, पाप की कमाई कभी फ ल नहीं सकती। इसीलिए अभियान में मत रहो, रावण ने अभियान किया था विनाश हो गया। अभिमान पतन का मुख्य द्वार है, जिसने भी अभिमान किया बिखर गया-मर गया, इसीलिए जो भी प्राप्त हो पद, रूप, सौंदर्य, ज्ञान, सिद्धि, प्रसिद्धी, नाम, धाम, मकान प्राप्त होए, यही कहना सब सब गुरुदेव का प्रसाद है, माता-पिता का आशीर्वाद है, हमारे रामजी की कृपा है। हम प्रार्थना ये करेंगे कि कथा में सम्मान नहीं हनुमान पाने आना चाहिए। सम्मान पाने संसार में जाना चाहिए, भगवान के द्वार को भगवान को पाने जाना चाहिए। गुरुदेव विश्वामित्र संग श्रीराम व श्रीलक्ष्मणजी के मिथिला नगरी प्रवेश के प्रसंग पर महाराज ने कहा श्रीजनकजी महाराज जिनका नाम ही विदेह महाराज है। अर्थात् जिसे देह की सुध न रहे वह विदेह। ज्ञानी होकर भी जनकजी गुरुदेव विश्वामित्र को मिलने को आए। विश्वामित्र महामुनि आए, समाचार मिथिलापति पाए...। गुरुजी को लेकर ब्राह्मणों को लेकर स्वागत किया, आसन बिठाया। उतने में रामजी, लक्ष्मणजी आए। उनकी सुंदर छवि देखकर सुधी जनकजी भी बेसुध हो गए। दुनिया तुम्हें तब तक सुंदर लगेगी, जब तक तुम श्यामसुंदर को नहीं देखोगे और जहां श्यामसुंदर को एक बार देख लोगे तो दुनिया तुम्हें उनसे सुंदर नजर नहीं आएगी। भगवान हैं इतने सुंदर, इन्हें जो देखे सो दीवाना हो जाए। हमारी आंखों को रंग-बिरंगा देखने की बड़ी आदत है, वह भी एक जैसा नहीं बदल-बदल कर, आज जो देख लिया वह कल देखना नहीं चाहते। हर व्यक्ति की मानसिकता होती है कि वह कल कुछ नया देखे, कुछ नया खाए। कुछ नया पहनें, कुछ अलग तरीके से जुड़े। पर एक बात बोलें हमारे रामजी तो नित नए हैं। दुनियावालों एक बात कहें देखना ही है तो दुनिया को क्या देखें, दुनिया की सुंदरता देखोगे तो काम में फंसोगे, राम की सुंदरता देखोगे तो राम में फंसोगे। प्रियजनों देखना है तो...ये जो दो आंखें हैं हमारी श्याम से मिल गईं अब हमें और किसी से अखियां लड़ाने की फुरसत नहीं। जिसे देखकर अनुराग जागे, वैराग्य जागे वहीं परमात्मा की प्राप्ति है। लेकिन जहां राग जागे वहीं गड़बड़ है। मिथिला में रामजी को जानकीजी के भवन में ही क्यों रोका गया। रामजी हैं भगवान और जानकीजी हैं भक्ति। भगवान तो भक्ति के ही भवन में रुकेंगे।

मुख्यमंत्री साय से विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुंडा, हल्बा, मुरिया, कोया, भतरा, दोरला सहित सर्व आदिवासी समाज के लोगों को मिलने की उत्सुकता देखते बन रही थी। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान समाज के प्रतिनिधियों में अलग उत्साह से पुष्प भेंट कर लोगों में फोटो लेने की होड़ सी मच गई थी। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर बस्तर संभाग के आदिवासी समाज मारिया, मुरिया, हल्बा, मुण्डा, भतरा, गोड समाज के लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं था। मुख्यमंत्री को अपने परिवार के मुखिया की तरह वे अपने सुख-दुःख पर चर्चा कर रहे थे। इसके अलावा भतरा, हल्बा, मुंडा, मारिया, कोया समाजों के लोगों ने बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के द्वारा प्रकाशित उनके समाज के प्रतिनिधियों द्वारा लिखित पुस्तक भेंट की। बस्तर संभाग के आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री पाकर खुशी से गद-गद होकर अपनी खुशी व्यक्त कर अपने आप को सम्मानित महसूस कर रहे थे। समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को बधाई दी और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारन्टी पर कार्य करने की सराहना की। समाज के लोगों ने शहीद गेंद सिंह की मूर्ति जगदलपुर के प्रमुख चौक में लगाने, समाज को बाह्य संस्कृति से बचाने जैसे अन्य विषय की मांग मुख्यमंत्री से की। मुख्यमंत्री ने दो दिवसीय प्रवास के दौरान गुरुवार की शाम स्थानीय सर्किट हाउस में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों से भेंट मुलाकात कर उनके मांगों और समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। भेंट मुलाकात में आंध्रा समाज के जनों ने विधि विधान से पूजा कर मुख्यमंत्री का सम्मान किया। इसके अलावा धाकड़, कोष्टा,सिंधी, आरण्यक ब्राह्मण, गुजराती, मराठी, मिथिला, क्षत्रिय, यादव, जैन, गुप्ता, देवांगन, जायसवाल समाज सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधि, विपणन संघ, पशुधन विकास विभाग के कर्मचारी अधिकारी, पत्रकार-साहित्यकार, समाजसेवी के अलावा विद्यार्थियों ने भेंट कर बधाई दी और मांगों और समस्याओं के संबंध में आवेदन दिया।

भक्तामर हीलिंग शिविर आज

रायपुर/नवप्रदेश। संस्था ' देर ना हो जाए ' द्वारा कल रविवार 28 जनवरी को वृंदावन हॉल, सिविल लाईन में शाम छह बजे से ' भक्तामर हीलिंग शिविर ' का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कैंसर समेत कुछ असाध्य रोगों से बचाव के लिए भक्तामर के श्लोक कैसे कार्य करते हैं तथा इन श्लोकों का प्रयोग कब,कैसे और किस विधि से करने पर लाभ होगा,इस पर अहमदाबाद से पधार रहे प्रसिद्ध भक्तामर गुरूजी निकुंज भाई शेठ द्वारा विस्तार से बताया जाएगा। संस्था की अध्यक्ष शीलू लुनिया, संयोजक मुकेश शाह और रानू लुनिया ने बताया कि निकुंज गुरुजी भक्तामर से उपचार की विधियां बताने के लिए जाने जाते हैं और पूरे देश भर में उनके शिविरों के माध्यम से हजारों लोग लाभान्वित हुए हैं। वे शिविर में श्लोकों के द्वारा उपचार के विविध तरीकों पर प्रकाश डालेंगे । कैंसर के ईलाज में उनके द्वारा बताई गई विधियां बहुत कारगर होती हैं। कल आयोजित शिविर के मुख्य अतिथि संजीवनी कैंसर अस्पताल के संचालक व प्रसिद्ध कैंसर चिकित्सक डॉ. युसूफ मेमन हैं जबकि विशिष्ट अतिथि हैं मेकाहारा के कैंसर विभाग की चिकित्सक डॉ. मंजू सिंह तथा मेकाहारा के ही कैंसर विशेषज्ञ डॉ. राजीव रतन जैन।

महाराष्ट्र मंडल में गणतंत्र दिवस पर हुए देशभक्ति पूर्ण कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के सभी प्रकल्पों में 75वां गणतंत्र दिवस देशभक्ति पूर्ण वातावरण में मनाया गया। संत ज्ञानेश्वर स्कूल और बाल वाचनालय में स्कूली बच्चों ने राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण कई रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल भवन में फिजियोथैरेपी सेंटर नाममात्र की फीस पर जरूरतमंद मरीजों के लिए शुरू कर दिया गया है। महाराष्ट्र मंडल भवन में अध्यक्ष अजय काले ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर गणतंत्र

दिवस समारोह का शुभारंभ किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू एवं लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीरों पर माल्यार्पण करने और गुलाल का टीका लगाने के बाद अतिथियों के आह्वान पर सभी गणमान्य नागरिकों ने भारत के संविधानिक ढांचे को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर मंडल भवन पर नए प्रकल्प फिजियोथैरेपी सेंटर की औपचारिक शुरुआत कर दी गई है। महाराष्ट्र मंडल के शंकर नगर बाल वाचनालय- उद्यान में गणतंत्र दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए।

न्यूज गैलरी

फेरो स्क्रैप में मना गणतंत्र दिवस

भिलाई। फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड के निगमन कार्यालय में पंकज त्यागी महाप्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन विधि ने ध्वजारोहन किया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुख्य अतिथि श्री त्यागी ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह इस वर्ष का खास इसलिए है कि हम अपने 75 वे गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। इस अवसर पर इस अवसर पर राजभाषा माह के दौरान आयोजित आयोजित प्रतियोगिताओं की विजेता प्रतिभागियों को तथा राजभाषा स्वरूप की पुरस्कार गृह पत्रिका दर्पण की रचनाकारों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता सम्मान भी प्रदान किया। साथ ही साथ बच्चों को भी पुरस्कृत किया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन एफएस एन ऐल के राजभाषा अधिकारी छगनलाल नागवंशी ने किया। इस अवसर पर निगमन कार्य एवं भिलाई इकाई की अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

एसडीएम ने दिलाई मतदान की शपथ

पाटन/नवप्रदेश। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर एसडीएम कार्यालय पाटन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम दीपक कुमार निकुंज ने सभी को लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर नए मतदाताओं को मतदाता कार्ड के अलावा निर्वाचन कार्य में अच्छे कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों सहित निर्वाचन कार्य में लगे कर्मचारियों का भी सम्मान भी किया गया।

भारती में मना गणतंत्र दिवस समारोह

दुर्ग/नवप्रदेश। भारती विश्वविद्यालय में 75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कुलपति डॉ. आलोक भट्ट ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके उपरांत अपने वक्तव्य में कुलपति ने कहा कि हमें लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने आजादी के वीर शहीदों को याद करते हुए कहा कि हमें वीर शहीदों के योगदान को हमेशा याद रखना है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र स्वर्णकार ने भी संबोधित किया और छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर एनसीसी के कैडेट ने कुलपति और कुलसचिव को गॉड ऑफ ऑनर दिया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्राध्यापकगण डॉ. कुबेर गुरूपंच, डॉ. शोभा सिंह, डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम, डॉ. गुरु सरन लाल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

रंग-बिरंगी फूलों से सजेगा फ्लॉवर शो

दुर्ग। निगम के द्वारा 28 जनवरी 2024 को पांचवा भव्य फ्लावर शो का कार्यक्रम राजेंद्र पार्क में रविवार प्रात 11 बजे प्रारम्भ होगा। जिसको लेकर राजेन्द्र पार्क में अधिकारी, कर्मचारी तैयारी में जुट गए हैं। फ़्लावर शो कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक गजेंद्र यादव, अध्यक्षता महापौर धीरज बाकलीवाल व विशेष अतिथि सभापति राजेश यादव के द्वारा किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि पर्यावरण प्रभारी सत्यवती वर्मा व वार्ड पार्षद बबिता यादव की उपस्थिति में संपन्न होगा। इस भव्य फ्लावर शो कार्यक्रम में अनेक प्रजाति के फूलों एवम फ्लों की प्रदर्शनी की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई है। राजेन्द्र पार्क में भव्य पांचवा फ्लावर शो, रंग-बिरंगे फूलों की खुशबू से महकेगा, फ्लॉवर शो में रंग-बिरंगी फूलो से सजेगा आनंद लेने राजेन्द्र पार्क में उमड़ेगी लोगो की भीड़ रहेगी। निगम द्वारा पारिवारिक वातावरण के अनुसार मनोरंजक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं इसके साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए स्टॉल बनाए गए हैं। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने शहर की आम जनता से अपील है कि वे इस भव्य फ़्लावर शो आयोजन में उपस्थित होकर लाभ उठाएं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले जीते हुए प्रतिभागीयो को पुरुस्कार दिया गया। फ्लावर शो के दौरान पार्क के बाहर स्टॉल लगाने वाले पौधे लगाने, स्व-सहायता समूह, फल विक्रेता, चाट गुपचुप के अलावा विभिन्न प्रकार के व्यवसाय करने वाले को रोजगार मिलेगा।

जगह-जगह शान से लहराया तिरंगा

नव प्रदेश संवाददाता

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने ध्वजारोहण कर परेड की ली सलामी

दुर्ग। गणतंत्र दिवस समारोह दुर्ग जिले में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दुर्ग के रवि शंकर स्टेडियम में आयोजित 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री साय का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। उन्होंने उल्लास एवं उमंग के प्रतीक रंगीन गुब्बारे आसमान में छोड़े। परेड द्वारा हर्ष फायर एवं राष्ट्रपति की जय जयकार की गई। मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी और एसएसपी आरजी गर्ग के साथ परेड का निरीक्षण किया और आम नागरिकों का अभिवादन स्वीकार किया। परेड कमाण्डर रक्षित निरीक्षक नीलकंठ वर्मा के नेतृत्व में जिला पुलिस बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, एनसीसी जुनियर एवं सीनियर, रेडक्रॉस और स्काउट गाइड के 11 प्लाटून द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट करते हुए सलामी मंच के सामने से गुजरे। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि ने प्लाटून कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर उन्होंने शहीद के परिजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देश-भक्ति गीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिये। समारोह के समापन पूर्व उल्लेखनीय कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया। समारोह में संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी बीएन मीणा, विधायक गजेन्द्र यादव, ललित चन्द्राकर, स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। समारोह में प्रथम स्थान प्राप्त झांकी में केन्द्रीय जेल दुर्ग के बंदियों द्वारा निर्मित वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया। इस झांकी की मुख्य विषय वस्तु बंदियों को शिक्षा व प्रशिक्षण से सुधार एवं पुनर्वास हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण से स्वालम्बन प्रयास के अंतर्गत जेलों में चलाए जा रहे काष्ठकला, सिलाई, स्क्रीन प्रिंटिंग, वेल्डिंग उद्योग व पाठशाला का बेसिक कोर्स तथा चन्द्रयान-3 का संक्षिप्त सजीव चित्रण प्रस्तुत किया गया है। भारत को विश्व गुरू बनाने के परिप्रेक्ष्य में हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री के मार्ग दर्शन में भारत के वैज्ञानिकों के द्वारा चन्द्रयान-3 का चन्द्रमा की दक्षिणी ध्रुव में सफल प्रक्षेपण किया गया, इसे प्रदर्शित किया गया।

दूसरे स्थान पर महिला एवं बाल विकास विभाग के झांकी में बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ की झांकी प्रदर्शित की गई। झांकी लड़कियों के शिक्षा पर जोर देने के साथ लिंगानुपात को कम करना एवं संस्थागत प्रसव में सुधार ड्रॉप-आइट बच्चों को स्कूल में जोड़ना, कानूनी सहायता एवं पूनर्वास कराना, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर जागरूकता, उत्कृष्ट कार्यक्षेत्र में प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहन, माध्यमिक शिक्षा स्तर पर नामांकन में 01 प्रतिशत की वृद्धि और प्रतिवर्ष बालिकाओं और महिलाओं का कौशल विकास, सुरक्षित मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

संभागायुक्त कार्यालय में ध्वजारोहण

संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने हिंदी भवन में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। संभागायुक्त ने सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

कलेक्टर सुश्री चौधरी ने कलेक्टोरेट में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

जनसंपर्क कार्यालय में ध्वजारोहण

जिला जनसंपर्क कार्यालय में उप संचालक एमएस सोरी ने ध्वजारोहण किया। अधिकारी, कर्मचारियों ने राष्ट्रगान कर तिरंगा झण्डे को सलामी दी। इस अवसर पर कार्यालय के सहायक सूचना अधिकारी भारती साहू, सहायक ग्रेड-2 कनक कोमरा एवं दिनेश साहू, हेमलता साहू, भोलाराम यादव उपस्थित थे।

रिसाली में महापौर फहराया ध्वज

निगम महापौर शशि सिन्हा ने मुख्य कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। वही आयुक्त आशीष देवांगन ने मुख्य समारोह के पंद्रह मिनट पहले टंकी ऑफिस कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर महापौर ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि आज के दिन सविधान लागू हुआ था। स्वतंत्र भारत में प्रत्येक नागरिक को उसका अधिकार मिलना चाहिए। हम सब को इसके लिए प्रयत्न करना चाहिए कि अंतिम छोर पर निवास करने वाले को शासन की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ मिल सके। इस अवसर पर निगम सभापति केशव बंछोर , एम आई सी चंद्रभान ठाकुर, सनीर साहू, अनूप डे, ईश्वरी साहू, पार्षद, जमुना ठाकुर, रमा साहू, विलास बोरकर, धर्मेंद्र भगत, संजू नेताम, सरिता देवांगन आदि उपस्थित थे।

निगम में महापौर व आयुक्त ने किया ध्वजारोहण

महापौर धीरज बाकलीवाल ने नगर पालिक निगम मुख्य कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इस दौरान आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, सभापति राजेश यादव, एमआईसी दीपक साहू, हमीद खोखर, सत्यवती वर्मा, श्रद्धा सोनी, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, ईई दिनेश नेताम, सहायक अभियंता आरके पलिया, वीपी मिश्रा, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सहायक बाजार अधिकारी थानसिंग यादव के अलावा कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। नगर निगम कार्यालय में 2023 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले निगम अधिकारी /कर्मचारियो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

क्षेत्रीय मुख्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग के क्षेत्रीय मुख्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। रायपुर नाका स्थित क्षेत्रीय मुख्यालय के प्रांगण में आयोजित इस समारोह में दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता एम.जामुलकर ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। उन्होंने इस अवसर पर देश के महान बलिदानी सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। समारोह में श्री जामुलकर द्वारा पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष के संदेश का वाचन करते हुए विभागीय कार्यों की प्रगति के विषय में अवगत कराया गया। इस

अवसर उत्कृष्ट कार्य करने वाले दुर्ग क्षेत्र के छः कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता द्वारा क्षेत्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले तकनीशियन वितरण हेमंत देवांगन, लाइन सहायक श्रेणी दो मोहनलाल साहू एवं रामकुमार वर्मा, कार्यालय सहायक श्रेणी दो कनीज फातिमा, परिचारक श्रेणी एक (लाइन) अनिल सिंह एवं कार्यालय सहायक श्रेणी एक जितेन्द्र जैन को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, एक हजार एवं रजत मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

ध्वजारोहण कर दी सलामी

नगर पंचायत पाटन सहित

ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। इससे पहले शासकीय कार्यालय को रोशनी से सजाया भी गया था । जनपद पंचायत पाटन में जनपद अध्यक्ष राम बाई गजानंद सिन्हा ने ध्वजा रोहन किया। यहां पर विशेष रूप से जनपद पंचायत पाटन के सीईओ मुकेश कोठारी सहित अन्य कर्मचारी जनपद सदस्य गण मौजूद रहे। यहां पर ध्वजारोहण के बाद मैत्री क्रिकेट मैच के विभाजन किया गया जिसमें जनपद 11 ने जीत हासिल की। इसके अलावा नपं अध्यक्ष भूपेंद्र कश्यप ने ध्वजारोहण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आशीष शर्मा ने तथा महिला बाल विकास विभाग कार्यालय में महिला बाल विकास अधिकारी सुमित गंडेचा ध्वजारोपण किया। इसके अलावा एसडीएम कार्यालय में एसडीएम दीपक निकुंज ने ध्वजारोहण किया वह यहां से सीधे तहसील कार्यालय भी पहुंचे। जहां पर ध्वजारोहण में शामिल हुए। तहसील कार्यालय में अधिवक्ताओं की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया गया। विकासखंड शिक्षा कार्यालय में विकासखंड शिक्षा अधिकारी टीआर जगदाले ने ध्वजारोहण किया। नगर के सभी शासकीय संस्थाओं में हर्षोल्लाह से गणतंत्र दिवस मनाया गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत में भी गणतंत्र दिवस मनाया गया। ग्राम पंचायत में सरपंचों ने ध्वजारोहन किया। वहीं ग्राम में भी अलग-अलग जगह ध्वजारोहण किया गया। बच्चों ने रैली निकाल करके गणतंत्र दिवस में शामिल हुए वहीं मिष्ठान वितरण भी किया। स्कूलों में बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

शास्त्री पार्क में विधायक सेन ने फहराया तिरंगा

नेहरू नगर पूर्व स्थित लाल बहादुर शास्त्री पार्क में गणतंत्र दिवस विधायक रिकेश सेन के मुख्य आतिथ्य में धूमधाम से मनाया गया। विशिष्ट तिथि के रूप में चंदेश्वरी बांध्ये पार्षद नेहरू नगर, रीना सिंह सामाजिक कार्यकर्ता एवं धर्मेंद्र मिश्रा स्वास्थ्य अधिकारी निगम उपस्थित थे। अध्यक्षता नरेंद्र श्रीवास्तव ने की। मुख्य अतिथि व्दारा ध्वजारोहण के पश्चात लाल बहादुर शास्त्रीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त की। इस अवसर पर शैलेन्द्र श्रीवास्तव, नरेन्द्र श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि चंदेश्वरी बान्धे, धर्मेन्द्र मिश्रा ने सम्बोधित किया। मुख्य अतिथि ने वैशालीनगर को अपराध मुक्त करने का संकल्प लिया। शास्त्री पार्क में एक हाल निर्मित करवाने, एवं सौन्दर्यीकरण करने का आश्वासन दिया।

शंकराचार्य में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदाता जागरूकता अभियान

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें महाविद्यालय एवं आसपास के मतदाताओं सहित नव मतदाताओं को चुनाव प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मतदाताओं को इस विषय पर भी जागरूक किया गया कि, यदि लगता है कि उम्मीदवार के व्यक्तित्व का आंकलन आपके अनुसार सही नहीं है तो भी आप मतदान केंद्र जाकर नोटा में बटन दबाकर अपने मताधिकार का उपयोग कीजिए। मतदाताओं को बताया गया कि अपने मताधिकार का उपयोग करना राष्ट्र के प्रति आपका दायित्व बनता है कि जो भी नागरिक अपने मताधिकार का उपयोग करने में निरसता प्रकट करता है उन्हें इस अधिकार की ताकत के बारे में समझाया जाए , उन्हें जागरूक किया जाए और अपने साथ मतदान केंद्र लाकर वोट देने के लिए प्रेरित किया जाए। मतदाता जागरूकता के इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शपथ दिलाया गया कि, वह अपने धर्म, जाति एवं लालच से ऊपर उठकर देशहित में एवं एक विकसित लोकतांत्रिक गणराज्य के निर्माण में अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे और अन्य लोगों को भी जागरूक करायेगें। मतदाता जागरूकता के इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अर्चना झा डीन (अकादमिक) डॉ.जे.दुर्गा प्रसाद राव, स्वीप कार्यक्रम के सभी सदस्य सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी विशेष सहभागिता प्रदान किया।

राखी को उपमुख्यमंत्री शर्मा ने किया समानित

नव प्रदेश संवाददाता

पाटन। समग्र शिक्षा विभाग रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय अंतर विद्यालय वीरगाथा प्रतियोगिता 2023 में पाटन के कक्षा 5वीं की छात्रा कु. राखी देवांगन को विधा कविता में सक्रिय सहभागिता के लिए जिला दुर्ग गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। वार्ड 4 भाठापारा अखरा नगर पंचायत पाटन निवासी कु.राखी ने पाटन को गौरवान्वित किया है। राखी के पिता राजू देवांगन पेशे से ड्रायवर है, जो कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय के वाहन चालक हैं। राखी के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी सचिव स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर नपं अध्यक्ष भूपेन्द्र कश्यप, मुख्य नपां अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय, पार्षद चंद्रकला सोनू यादव, मनीष देवांगन, अर्पिता आभाष दुबे, पुरुषोत्तम कश्यप, सन्दीप कश्यप, गोपाल कौशिक, टीकाराम ठाकुर, पुष्पेंद्र बबलू साहू, अनुज यादव सहित वार्डवासियों ने बधाई दिया।

स्वर्णिम भारत की झांकी को मिला प्रथम स्थान

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। गणतंत्र दिवस के अवसर पर भिलाई इस्पात सयंत्र द्वारा जयंती स्टेडियम में गणतंत्र दिवस की परेड (झांकी) का आयोजन किया गया। जिसमें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजयोग भवन द्वारा स्वर्णिम भारत की दिव्य, अलौकिक झांकी को परेड में प्रस्तुत किया गया। अंतर्दिशा परिसर से शिव ध्वज दिखाकर झांकी को ब्रह्माकुमारी आशा दीदी, प्राची दीदी, स्नेहा दीदी और ब्रह्म वत्सों ने रवाना किया। झांकी में ज्ञान की देवी हंस वाहिनी पर विराजित स्वर्णिम भारत लक्ष्मीनारायण का राज्य सुशोभित था। शिक्षानगरी की संस्कृति जो कि विश्व में अपनी उपलब्धियों की छटा प्रस्फुटित कर रही थी। झांकी में प्रदर्शित राजयोग द्वारा विश्व को शांति का दान, परिवार, समाज व विश्व में सुख शांति को दर्शा रही थी। जयंती स्टेडियम में झांकी के माध्यम से संदेश दिया की व्यक्ति का मन जब शांत होता है तो परिवार में शांति आएगी, समाज में भावनात्मक

एकता का उदय होता है, हर व्यक्ति इस जिम्मेवारी को जब स्वीकार करेगा तो विश्व में चारों तरफसुख शांति की अविरल धारा बहेगी। इस अभूतपूर्व अलौकिक दिव्य झांकी को सभी देखकर एक नई दुनिया के दृश्य को अपने अंतर्मन में समाहित कर चुके थे मानो की धरा पर सतयुग का आगमन हुआ कि हुआ। झांकी ने प्रस्तुत सभी झाँकियो में प्रथम स्थान दिया। संयंत्र के एमडी अनिर्बन दास गुप्ता ने सेवा केन्द्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी को इस अभूतपूर्व झांकी को प्रथम स्थान की विजय ट्रॉफी प्रदान की।

संयंत्र निदेशक अनिर्बान ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र में गणतंत्र दिवस समारोह बहुत ही हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। गणतंत्र दिवस समारोह में भारी उत्साह देखने को मिला। शानदार परेड व विभिन्न झांकियों की प्रदर्शनी ने लोगों की भारी तालियां बटोरी। 26 जनवरी, 2024 को देश के 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीद वीरनारायण सिंह, जयंती स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। तिरंगा फहराने के साथ ही राष्ट्रगान गाया गया। आकाश में रंग- बिरंगे गुब्बारे छोड़े गए। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, अग्निशमन सेवा केंद्र, एनसीसी, स्काउट-गाइड के परेड की सलामी ली और इसका निरीक्षण किया। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, अग्निशमन सेवा केंद्र, एनसीसी, स्काउट-गाइड द्वारा मार्च पास्ट एवं अग्निशमन वाहनों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर आयोजित मुख्य समारोह में, सेल बोर्ड नई दिल्ली के स्वतंत्र निदेशक कन्हैया सारदा, सुनीता सारदा एवं ममता सारंगी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक पंडा, कार्यपालक निदेशक (रावघाट) समीर स्वरुप, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बीके गिरी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ उपस्थित थे।

निधन : डोमेन्द्र बंछोर

नवप्रदेश/भिलाईनगर। भाजयुमो जामुल मंडल महामंत्री डोमेन्द बंछोर उर्फ विक्की बंछोर 33 वर्ष का आज 12 बजे दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह भिलाई शहर जिला भाजपा के उपाध्यक्ष, नपाप जामुल के पूर्व अध्यक्ष रेखराम बंछोर के इकलौते सुपुत्र थे। अंतिम संस्कार होगा।

सरलादेवी सिंघानिया

दुर्ग। अमर हाइट्स नदी रोड निवासी सरला देवी सिंघानिया का उम्र 66 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्ति धाम में किया गया। वह श्याम मंदिर के संस्थापक किशोरी लाल सिंघानिया की पत्नि एवं अनीश और विकास की मां थी।



न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक होरीलाल प्रजापति पिता स्व. मुल्लूराम निवासी ग्राम कन्हैयापुरी कसारीडीह तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 768/121 रकबा 0.0120 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार नंदाबाई की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 09.02.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.01.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक होरीलाल प्रजापति पिता स्व. मुल्लूराम निवासी ग्राम कन्हैयापुरी कसारीडीह तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 768/34 रकबा 1.610 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार मुल्लूराम की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 09.02.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.01.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202310100400239 /अ-06अ/ सन्- 2023-24

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका कोड़ा शारदा आ./पति दुर्गा राव साकिन अक्कुपल्ली काकुलम आध्रप्रदेश द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 तहसील व जिला दुर्ग मे उसके नाम पर भूमि खसरा नं. 249/68 रकबा 900 वर्गफीट को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से क्रय किया था, जिसका नामांतरण पश्चात ऋण पुस्तिका प्राप्त हो गया था, परंतु वर्तमान अभिलेख में ऑनलाईन में उनका नाम प्रदर्शित नही हो रहा है को सुधार किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोद्य दुर्ग के न्यायालय में आवेदक पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को अभिलेख त्रुटि को सुधार किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 30.01.2024 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 09.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202401104500046/अ-6/सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

महकाकला प.ह.न. 00023 हे.

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- लक्ष्मी

अनावेदक पक्षकार - राजकपूर

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम महकाकला प.ह.नं. 23 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मी पति संदीप सिंह निवासी ग्राम सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम महकाकला प.ह.न 23 तह. पाटन स्थित भूमिस्वामी राजकपूर पिता रमेश्वर दयाल के नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 48/164 रकबा 0.01 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 31.08.2023 से क्रय आधार पर प्रमाणीकरण किए जाने सहित आवेदन प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः कि आवेदक लक्ष्मी पति संदीप सिंह द्वारा पंजीकृत बयनामा से उपरोक्त दर्शित भूमि क्रेता के नाम नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई दिनांक 08.02.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.01.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — अति. तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

सुनो भाई उधो

तोला का भइगे लेड़गी...

समाज में अनेक तरह की विसंगतियां, बुराइयां होती है जिसको लेकर आपस में कहा-सुनी हो जाया करती है। दो के झगड़े में तीसरे को नफा अथवा नुकसान तो उठाना ही पड़ता है, इसलिए समझदारी इसी में होती है कि कोई भी इस तरह के मामलों में न पड़ें। लेकिन कुछ मामले ऐसे होते हैं जो भावनात्मक रूप से जुड़े होते हैं, और उससे बच पाना असंभव होता है। इसी तरह के मामले से संबंधित एक प्रेम कहानी है। प्रेमी-प्रेमिका किसी बात को लेकर झगड़ पड़ते हैं और उसका खामियाजा प्रेमिका की बेटी को उठाना पड़ता है। पढिय़े छत्तीसगढ़ी कहानी- तोला का भइगे लेडग़ी..? तैं काकर भभकी मं आगेस, अइसने कोनो करही, खाय बर देहस तउन थारी ल कोनो नंगाही, झटक के लेगही? का होगे तोला आज, अइसन तो नइ करत रेहे? सतनारायन अकबका जथे, अंजनी के अइसन चाल ल देखके। ओहर कहिथे- तीन-चार दिन ले ताड़त हौं, तोला कइसे का बात होगे हे ते थोकन अनमने ढंग ले राहत हस। न पहिली जइसे हांस के, परेम के बोली-बात करत हस, सांप-डेडू, बिच्छी तो नइ काट दे हे। अंजनी न चिट करत हे न पोट, सतनारायण कुकुर असन अपने अपन हांव-हांव करत भूकत हे। पहिली तो देख, खाना दीस, तहां ले बाहिर पार, खोर दुआरी मं चल दीस अउ परोसिन संग लपर-लिपिर मारे ल धर लीस। पानी घला नइ दीस। जबकि खाना दे के पहिली हमर इहां रिवाज हे पानी पिढ़वा लगाथें। परोसिन करा ले कोन जनी का पाठ पढ़के अइस ते ओला पढ़ा दे गिस, आते साठ खाना खाय बर शुरू करत रेहेंव तउन थारी ल उठा के लेगे।

परमानंद वर्मा

सतनारायन हड़बड़ागे। ओकर कांही समझ नइ आवत हे कि माजरा का हे? ओहर कहिथे- अंजनी! ओहर टेडगा बानी मं कहिथे- झन काह मोला अंजनी, मरगे तोर बर ये अंजनी हा। नइ करत हौं तोला प्यार, हमर-तोर पिंयार के नाटक इही तीर ले खतम। गंज करा धोवन के बरतन मं हाथ-मुंह धोके सतनारायन ओकर तीर मं आथे अउ कहिथे- अंजनी, तोर घर मैं बरपेली नइ आय हौं, ते बलाय रेहे, अमुक तारीख-तिथि, घड़ी मं आबे, मोर गोसइयां बिलासपुर गे हे। बने हांसबो, गोठियाबो, छेहेल्ला मारबो। अब जब तोर बलाय ऊपर ले आगेंव तब तोला का शनिच्चर धर लीस, बही-भुतही कस होगेस?

हां... हां... मैं बही-भूतही होगे हौं, शनिच्चर मोर ऊपर खपलागे हे, बस अतकेच ना, ते अउ कुछु केहे बर बांचे हे? सतनारायण ल वाजिब मं कुछु बात समझे नइ परत हे के आखिर एला हो कागे? ओकर तीर मं जाके ओले पोटारे कस करथे तब घोड़ी हा जइसे घोड़ा ल छटारा मार के अपन तीर ले भगा देथे वइसने कस खेल अंजनी जब करिस तब सतनारायन सुकुरदुम होगे। एकर पहिली तो कभू अइसन नइ होय रिहिस हे? बने रासलीला में मगन हो जावत रिहिस हे दुनो झन।

अंजनी अउ सतनारायन के बीच तो तीस-पैंतीस बछर ले ये परेम अउ रासलीला चलत आवत हे फेर कोनो अइसे आज तक नइ जान सके हे के ये दूनो झन के बीच मं कोनो खो-खो, फुगड़ी के खेल चलत आवत हे। दूनो झन लोग-लइका वाले हे, उमर खसल के अधिया गे हे फेर ओ खेल नइ छूटे हे। पहिली चिट्ठी-पतरी अउ फोन के जमाना रिहिसे, उही मं अपन गोठ-बात, मिलना-जुलना, होटल जाना, फिलिम देखा सब हो जात रिहिसे। जब ले इंटरनेट आय हे, मोबाइल आय हे तउन तो अउ सब सुविधा ल परोस दीस। रायपुर मं बइठे हे अउ लंदन, अमरीका, मुंबई, कोलकाता बात कर लेथे, फोटो समेत हांस-गोठिया लेथे आनी-बानी के। जइसन चरित्तर नहीं तइसन ये इंटरनेट अउ मोबाइल हा देखावत सुनावत हे। धुर्रा छोड़ावत हे। ओ दिन के घटना, सतनारायन ल बने नइ लगिस, जोरदार ठेस लगिस ओकर दिल मं, अंतस के पीरा ला उही जानही।

संतान प्राप्ति और लंबी उम्र के लिए सकट चौथ पर गणेश जी की पूजा

सकट चौथ का व्रत सोमवार 29 जनवरी को है। यह व्रत माघ महीने की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को रखा जाता है। इस दिन भगवान गणेश और चंद्रमा की पूजा- अर्चना की जाती है। माताएं इस व्रत को संतान की प्राप्ति और संतान की लंबी उम्र के लिए रखती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन गणेश भगवान की पूजा अर्चना करने से जीवन में हर तरह का विघ्न समाप्त होता है। जिन्हें संतान की चाह होती है उन्हें संतान प्राप्ति और संतान की सलामती के लिए भी यह व्रत रखा जाता है। इस दिन तिलकूट का प्रसाद बनाया जाता है और भगवान गणेश को भोग लगाया जाता है। इसलिए इसे तिलकूट चतुर्थी भी कहा जाता है। सकट चौथ के दिन चन्द्रोदय समय- रात 09 बजकर 10 बजे होगा। इसी समय चंद्रमा को अर्घ्य दिया जाएगा और व्रत को खोला जाएगा। माघ कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 29 जनवरी को सुबह 6 बजकर 10 मिनट से शुरू होगी और 30 जनवरी को सुबह 8 बजकर 54 मिनट पर समाप्त होगी। इस व्रत में कथा पढ़ी जाती है। एक कथा भगवान शंकर वाली है और एक कथा कुम्हार वाली है। देश के अलग-अलग हिस्सों में चंद्रोदय का समय अलग-अलग होता है।

शास्त्रों में बताया गया है कि सकट चौथ के दिन भगवान गणेश को तिल और गुड़ से बने लड्डू का भोग लगाना चाहिए. साथ ही भगवान को मोदक का भोग लगाएं. ऐसा करने से भगवान गणेश प्रसन्न होते हैं। सकट चौथ के दिन भगवान गणेश के बीज मंत्र '? गं गणपतये नम:' इस मंत्र का जाप करें. मान्यता है कि ऐसा करने से व्यक्ति को सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है. साथ ही सभी मनोकामना पूर्ण हो जाती है। सकट चौथ व्रत के दिन भगवान गणेश के मंदिर जाकर भगवान गणेश की उपासना करें और तिल अर्पित करें. ऐसा करने से करियर में आ रही समस्याएं दूर हो जाती है और सफलता के योग बनते हैं। भगवान गणेश की उपासना के लिए गणेश यंत्र की पूजा करें और पूजा स्थल पर दो सुपारी रखकर उनकी उपासना करें और उसे परी को एक लाल कपड़े में बांधकर तिजोरी में रख दें. ऐसा करने से आर्थिक समस्याएं दूर हो सकती हैं और जीवन में आ रही समस्याओं का समाधान प्राप्त होता है।

सकट चौथ शुभ मुहूर्तः

माघ कृष्ण पक्ष चतुर्थी प्रारंभः 06.10 ए एम (29 जनवरी 2024, सोमवार)

माघ कृष्ण पक्ष चतुर्थी समाप्तः 08.54 ए एम (30 जनवरी 2024, मंगलवार)

चंद्रोदयः 09.10 पीएम (देश के विभिन्न हिस्सों में चंद्रोदय का समय अलग-अलग होता है,)।

जानिए सकट चौथ का महत्व, मुहूर्त एवं पूजा विधि!

सकट चौथ का महत्व

हिंदू धर्म में सकट चौथ का विशेष महत्व है। वैदिक पंचांग के अनुसार यह व्रत हर वर्ष माघ मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है। इसे लंबोदर चतुर्थी, माघी चतुर्थी , तिलकुटा चौथ के नाम से भी जाना जाता है। वहीं यह व्रत भगवान गणेश को समर्पित होता है। मान्यता है जो भी व्यक्ति इस दिन व्रत रखकर भगवान गणेश जी पूजा- अर्चना करता है, उसके जीवन में सुख- समृद्धि का वास रहता है। साथ ही संतान प्राप्ति के योग बनते हैं। वहीं संतान दीर्घायु होती है। इस साल सकट चौथ का व्रत 29 जनवरी को रखा जाएगा। सकट चौथ यानी संकटों को दूर करने वाली गणेश चतुर्थी. इस दिन व्रत करने से जातक की सारी समस्याओं को विघ्नहर्ता भगवान गणेश जी दूर करते हैं. इस दिन व्रत करने वाली महिलाओं के लिए पूजा में आवश्यक मंत्र, तिल-गुड़ का भोज लगाना आवश्यक माना जाता है. इसके अलावा सकट चौथ व्रत की कथा भी सुनना महत्वपूर्ण होता है.

सकट चौथ पूजन विधि

प्रात:काल स्नान करके गणेश जी की पूजा का संकल्प लें।

इस दिन फलाहार ही करना चाहिए।

संध्याकाल में भगवान गणेश की कथा पढ़ें

भगवान को तिल के लड्डू और पीले पुष्प अर्पित करें । भगवान गणेश को दूर्वा भी अर्पित करनी चाहिए।

चन्द्रमा को अर्घ्य दें ।

आरती

सकट चौथ के दिन करें श्री गणेश की आरती

जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा माता जाकी पार्वती पिता महादेवा॥ जय

एक दंत दयावंत चार भुजा धारी। माथे सिंदूर सोहे मूसे की सवारी ॥

अंधन को आंख देत, कोढ़िन को काया। बांझन को पुत्र देत, निर्धन को माया ॥ जय

हार चढ़े, फूल चढ़े और चढ़े मेवा। लड्डुअन का भोग लगे संत करें सेवा ॥

दीनन की लाज रखो, शंभु सुतकारी। कामना को पूर्ण करो जाऊं बलिहारी॥ जय

'सूर' श्याम शरण आए सफल कीजे सेवा। जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा।

माता जाकी पार्वती पिता महादेवा॥ जय

सकट चौथ व्रत कथा

किसी नगर में एक कुम्हार रहता था। एक बार जब उसने बर्तन बनाकर आंवां लगाया तो आंवां नहीं पका। परेशान होकर वह राजा के पास गया और बोला कि महाराज न जाने क्या कारण है कि आंवा पक ही नहीं रहा है। राजा ने राजपंडित को बुलाकर कारण पूछा। राजपंडित ने कहा, ''हर बार आंवा लगाते समय एक बच्चे की बलि देने से आंवा पक जाएगा।'' राजा का आदेश हो गया। बलि आरम्भ हुई। जिस परिवार की बारी होती, वह अपने बच्चों में से एक बच्चा बलि के लिए भेज देता। इस तरह कुछ दिनों बाद एक बुढ़िया के लड़के की बारी आई। बुढ़िया के एक ही बेटा था तथा उसके जीवन का सहारा था, पर राजाज्ञा कुछ नहीं देखती। दुखी बुढ़िया सोचने लगी, ''मेरा एक ही बेटा है, वह भी सकट के दिन मुझ से जुदा हो जाएगा।'' तभी उसको एक उपाय सूझा। उसने लड़के को सकट की सुपारी तथा दूब का बीड़ा देकर कहा, ''भगवान का नाम लेकर आंवां में बैठ जाना। सकट माता तेरी रक्षा करेंगी।'' सकट के दिन बालक आंवां में बिठा दिया गया और बुढ़िया सकट माता के सामने बैठकर पूजा प्रार्थना करने लगी। पहले तो आंवा पकने में कई दिन लग जाते थे, पर इस बार सकट माता की कृपा से एक ही रात में आंवा पक गया। सवेरे कुम्हार ने देखा तो हैरान रह गया। आंवां पक गया था और बुढ़िया का बेटा जीवित व सुरक्षित था। सकट माता की कृपा से नगर के अन्य बालक भी जी उठे। यह देख नगरवासियों ने माता सकट की महिमा स्वीकार कर ली। तब से आज तक सकट माता की पूजा और व्रत का विधान चला आ रहा है।

सकट चौथ पर क्यों होती है चंद्रमा की पूजा, जानिए अर्घ्य देने का महत्व

इस साल सकट चौथ का व्रत 29 जनवरी दिन सोमवार को है. उस दिन माताएं अपनी संतान की सुरक्षा और सुखी जीवन के लिए निर्जला व्रत रखती हैं. इस दिन जो व्यक्ति व्रत रखकर गणेश जी की पूजा करता है, उसके संकट दूर हो जाते हैं. हालांकि सकट चौथ के व्रत में चंद्रमा की पूजा करना अनिवार्य है. काशी के ज्योतिषाचार्य चक्रपाणि भट्ट से जानते हैं कि सकट चौथ पर चंद्रमा की पूजा क्यों करते हैं? सकट चौथ पर चंद्रमा को अर्घ्य देने की विधि क्या है? चंद्रमा को अर्घ्य देने का मंत्र क्या है?

सकट चौथ पर क्यों करते हैं चंद्रमा की पूजा?

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, संकष्टी चतुर्थी को चंद्रमा की पूजा होती है और विनायक चतुर्थी पर चंद्रमा का दर्शन वर्जित है. इसके पीछे गणेश जी की चंद्र देव को दिया गया श्राप है. गणेश जी को जब हाथी का मुख लगाया गया था तो चंद्र देव हंस रहे थे. उनको अपनी सुंदरता पर घमंड था. तब गणेश जी ने उनको श्राप दे दिया कि वे अपनी चमक खो देंगे और भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी को जो चांद देखेगा, उस पर कलंक लग जाएगा. इस श्राप के कारण चंद्र द्रेव कांतिहीन हो गए. फिर उनको अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्होंने गणेश जी से क्षमा मांगी और श्राप से मुक्ति का मार्ग पूछा. गणेश जी ने कहा कि श्राप तो खत्म नहीं होगा. लेकिन चंद्र देव आपकी कांति शुक्ल पक्ष में 15 दिन बढ़ेगी और फिर कृष्ण पक्ष में 15 दिन घटेगी. पूर्णिमा के दिन आप 16 कलाओं से पूर्ण होकर आसमान में आलोकित होंगे. कृष्ण पक्ष की चतुर्थी पर जो भी व्रत रखकर उनकी पूजा करेगा, उसे रात में चंद्रमा की भी पूजा करनी होगी. इसके बिना व्रत पूर्ण नहीं होगा. एक और कथा है. उसमें भगवान शिव ने गणेश जी को देवताओं को संकट दूर करने का आदेश दिया था. उसके साथ यह वरदान दिया था कि जो भी व्यक्ति चतुर्थी के दिन गणेश जी की पूजा करेगा और चंद्रमा को अर्घ्य देगा, उसके संकट दूर हो जाएंगे।

सकट चौथ पर चंद्रमा को अर्घ्य देने की विधि

सकट चौथ की रात चंद्रमा 09:10 पीएम पर निकलेगा. तब आप चांदी के गिलास या फिर लोटे में जल भर लें. फिर उसमें गाय का कच्चा दूध, अक्षत् और सफेद फूल डाल लें. उसके बाद चंद्र देव का स्मरण करके उनको अर्घ्य दें. अपने संकटों को दूर करने और संतान के सुखी जीवन के लिए प्रार्थना करें।

चंद्रमा को अर्घ्य देने का मंत्र

गगनार्णवमाणिक्य चन्द्र दाक्षायणीपते।

गृहाणार्घ्यं मया दत्तं गणेशप्रतिरूपक॥

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1813 में आज ही के दिन यूनाइटेड किंगडम में पहली बार 'प्राइड एंड प्रेजुडिस' किताब का प्रकाशन हुआ था। 1835 में आज ही के दिन पश्चिम बंगाल में कलकत्ता मेडिकल कॉलेज की शुरू हुआ था। 1846 में 28 जनवरी के दिन ही ब्रिटिश सेना ने अलीवाल के युद्ध में रंजोध सिंह की सेना को हराया था। 1878 में आज ही के दिन पहला टेलीफोन एक्सचेंज अमेरिका के न्यू हेवन में बना था। 1887 में 28 जनवरी के दिन ही फ्रांस की राजधानी पेरिस में एफिल टॉवर का काम शुरू हुआ था। 1909 में आज ही के दिन अमेरिका का नियंत्रण क्यूबा पर से समाप्त हो गया था।1932 में 28 जनवरी के दिन ही जापानी सेना ने शंघाई (चीन) पर कब्जा किया था। 1935 में आज ही के दिन आइसलैंड में गर्भपात को कानूनी स्वीकृति देने वाला पहला देश बना था। 1942 में 28 जनवरी के दिन ही लीबिया के बेंगाजी पर जर्मनी की सेना ने कब्जा किया था। 1943 में आज ही के दिन एडोल्फहिटलर ने सभी युवकों को फौज में जबरन भर्ती का आदेश दिया था।

QUIZ TIME

1) नए गणतंत्र दिवस पैकेट के तहत राज्यों को कितने वर्षों में एक झांकी प्रस्तुत करने की अनुमति दी गयी है?

2) कहलगाँव परियोजना कहाँ स्थित है?

3) भारत की संसद अवशिष्ट शक्तियों का उपयोग कब कर सकती है?

4) अकबर ने किसे जगदगुरू की उपाधि दी थी?

5) प्रबंधक और खिलाड़ी दोनों के रूप में फीफा विश्व कप जीतने वाले पहले व्यक्ति कौन थे?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 03 साल (2) बिहार (3) राष्ट्रीय आपात स्थिति तथा राज्यों में संवैधानिक आपात स्थिति में (4) हीर विजय सूरी (5) मारियो जगालो, ब्राजील

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -316

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

ऊपर से नीचे
1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छ: ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 315 का हल

पी	चि	दं	ब	र	म	■	■	स
ट	■	भ	ला	ई	■	अ	स	म
ना	म	■	■	स	मा	धि	■	झ
■	ज	■	बे	■	न	का	र	ना
बा	बू	■	आ	य	क	र	■	■
■	र	की	ब	■	■	■	प्र	था
ज	■	■	रू	प	क	■	ज	न
हा	■	पा	■	ना	म	ची	न	■
ज	हां	प	ना	ह	■	ता	न	ना

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:19, सूर्यास्त : 06:00, चन्द्रोदय : 19:17, चन्द्रास्त : 08:20

अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : माघ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : तृतीया, नक्षत्र : मघा, योग : सौभाग्य, प्रथम करण : तैतिल (14:25 तक), द्वितीय करण : गर (27:36 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मकर, चंद्र : सिंह (13:01 से), मंगल : धनु (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : धनु (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : धनु (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:08 से 12:51, अमृत काल : 11:15 से 13:01, विजय मुहूर्त : 14:16 से 14:59, गोधूलि मुहूर्त : 17:46 से 18:13, सायाह्न सन्ध्या : 17:49 से 19:09, निशिता मुहूर्त : 24:03 से 24:56, राहुकाल : 16:30 से 18:00, राहुवास : पूर्व, यमगण्ड : 13:49 से 15:09, होमाहुति : चन्द्र (13:01 से मंगल), दिशाशूल : पूर्व, अग्निवास : आकाश, चन्द्रवास : उत्तर (पूर्व 13:01 से), शिववास : सभा में (27:36 से क्रीड़ा में)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन बीते कल की अपेक्षा राहत वाला रहेगा। आज आप दिन के आरम्भ से शांत स्थान की तलाश में रहेंगे।

वृषः आज का दिन असमंजस में बीतेगा। लोगो का व्यवहार आपकी आशा के विपरीत रहेगा मन मे किसी गुप्त कारण से भय बना रहेगा।

मिथुनः आज का दिन आनंद से व्यतीत होगा लेकिन आपका अटपटा स्वभाव घर मे कोई नया विवाद खड़ा कर सकता है।

कर्कः आज के दिन आप कल्पना की दुनिया की सैर करेंगे अधिकांश कार्य अनदेखी के कारण अस्त-व्यस्त रहेंगे।

सिंहः आज मध्यान तक की दिनचार्य परिश्रम वाली रहेगी किसी कार्य के असफल होने से निराश होंगे लेकिन धर्य ना छोड़े दोपहर के बाद कि स्थिति लाभदायक रहेगी।

कन्याः आज आपको स्वयं अथवा किसी परिचित के कार्य से दौड़धूप करनी पड़ेगी। पारिवारिक वातावरण भी उखड़ा हुआ रहेगा।

तुलाः आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा। आज आपको किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का सहयोग मिलेगा लेकिन इसके लिये काफी परिश्रम करना पड़ेगा।

वृश्चिकः आज का दिन भी आपके आशानुकूल रहेगा दिन का आरंभिक भाग सुस्त रहने से कार्य विलम्ब होगा लेकिन मध्यान तक स्थिरता आने लगेगी कार्यो को गंभीरता से करेंगे।

धनुः आज का दिन आपके लिये भाग्योदय कारक रहेगा दिन के आरम्भ से ही शारीरिक रूप से तरोताजा बने रहेंगे लेकिन घरेलू कार्यो को करने में आनाकानी करेंगे।

मकरः आपके लिये आज का दिन उतार चढ़ाव वाला रहेगा। दिन के आरंभिक भाग में सेहत को लेकर आशांकित रहेंगे फिर भी कार्य भार के चलते अनदेखी करनी पड़ेगी।

कुंभः आपको आज किसी अनचाही परिस्थिति का सामना करना पड़ेगा दोपहर तक कोई ना कोई उलझन शारीरिक एवं मानसिक रूप से परेशान रखेगी। मनोकामना पूर्ति में कुछ ना कुछ बाधा अवश्य आयेगी। कार्य क्षेत्र पर प्रतिस्पर्धा अधिक रहेगी।

मीनः आज आपका स्वभाव अत्यंत स्वार्थी रहेगा। घर एवं कार्य क्षेत्र पर केवल मतलब से व्यवहार करेंगे।

न्यूज गैलरी

उत्कृष्ट कार्य के लिए एसडीएम सुरुचि हुई सम्मानित

बेमेतरा/नवप्रदेश। भारत का निर्वाचन आयोग 25 जनवरी 2024 को 14 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस (एनवीडी) मनाया। राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। जहाँ पर राज्य निर्वाचन आयोग ने आम विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्य के पांच ईआरओ को सम्मानित किया। दुर्ग संभाग के विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा-69 की ईआरओ सुश्री सुरुचि सिंह को विधानसभा निर्वाचन 2023 मे सर्वश्रेष्ठ कार्य करने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से प्रमुख लोकायुक्त जस्टिस टीपी शर्मा ने एसडीएम बेमेतरा सुश्री सुरुचि सिंह को राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया। गौरतलब है कि सुरूचि सिंह के काम से बेमेतरा अनुविभाग क्षेत्र के आमजनों ने एसडीएम के काम से बहुत खुश हैं। क्योंकि वे आम जनता को सुविधा पहुंचाने के लिए बेमेतरा में जिस तरह से अवैध प्लाटिंग पर रोक लगा कर एक अपनी अलग पहचान पूरे प्रदेश में बनाई हैं।

रोजगार दो-न्याय दो का विमोचन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा में युवाओं के लिए रोजगार दो न्याय दो पर विशेष ध्यान आकर्षित करते हुए युवा छत्तीसगढ़ प्रभारी सुश्री पलक वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, जिला प्रभारी आदित्य सिंह, प्रदेश महासचिव अनिमेष सिंह, जिला अध्यक्ष संदीप गहरवार के निर्देशानुसार डोगरगढ़ विधानसभा युवा कांग्रेस सौरभ वैष्णव के नेतृत्व में गुरुवार 25 जनवरी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत रोजगार दो-न्याय दो पोस्टर विमोचन कार्यक्रम एवं आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए राजनादगांव लोकसभा में अधिक से अधिक मात्रा में कांग्रेस के प्रति लोगों को जागरूक कर कांग्रेस के पक्ष में वोट करने के लिए प्रेरित करने पर भी चर्चा की गई, जिसमें मुख्य रूप से ब्लाक अध्यक्ष तरुण फुले, सोहेल खान, अमित राजपूत, कृष्णा गुप्ता, अक्षय चौरसिया, सनी भाटिया, उग्रसेन साहू, सचिन मेश्राम, पंकज सखरे, सुभाष यादव एवं युवा कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

अयोध्या पर बनी फिल्म की हुई फ्री स्क्रीनिंग

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व सिल्वर स्क्रीन राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में 51 वार्ड के सभी कार्यकर्ताओं व जनता के लिए सिल्वर स्क्रीन पर फिल्म 695 की फ्री स्क्रीनिंग की गई। इस फिल्म में अयोध्या में हुए 1949 से आज तक के समस्त घटनाक्रमों की कहानी बताई गई है। इस फिल्म के दृश्य देखकर लोग भाव-विभोर हो गए । सभी ने इस फिल्म के जरिए जो दिखाया गया उससे लोगों को जानकारी मिली की कारसेवक के रुप में और दूसरी भूमिकाओं में अयोध्या में अपने ईष्ट के लिए कितनों ने बलिदान दिया। इसमें वह सभी बातें बताई गई कि विवादित ढांचे को लेकर कैसे परिस्थितियां निर्मित हुईं और इससे पहले अयोध्या में क्या स्थितियां थी। 5 शताब्दियों के बाद यह सुनहरा अवसर मिला कि प्रभु श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा का सौभाग्य इस सनातनी पीढ़ी को मिला। बहरहाल, इस फिल्म को बहुत अच्छा प्रतिशत भी मिल रहा है। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अनूप श्रीवास ने समस्त सनातनियों से यह आग्रह किया है कि यह फिल्म जरूर देखें।

एसपी ने दी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

बेमेतरा/नवप्रदेश। 75 वें गणतंत्र दिवस पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में श्रीमती भावना गुप्ता पुलिस अधीक्षक बेमेतरा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। एसपी बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता ने अपने सरकारी निवास पर भी ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों/कर्मचारियों सहित समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, उप पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार झा, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू, उप निरीक्षक योगेश अग्रवाल, उनि (अ) हरिओंम विश्वकर्मा, सउनि (अ) अजय देवांगन, महेन्द्र भुवार्य, प्रवीण लोहले, लुमेश देवांगन, संतोष सोनवानी, एसपी रीडर सउनि विष्णु सप्रे, दिलीप सिंह, प्रधान आरक्षक ताम्रध्वज देशमुख, शेखर सिंह, एश्वर्य क्षत्री, सखाराम टंडन, महिला प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे, आरक्षक वासु साहू, जितेन्द्र नेताम, दिनेश नेताम, नरेन्द्र ठाकुर, मनीष देवांगन, अमरदीप लहरे, भारत साहू, गेल्विन साहू, अर्जुन चंद्राकर, राजेश नाथयोगी, गेंदलाल चतुर्वेदी, योगेश्वर वर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, सुरेश यादव, विश्राम साहू, अभिषेक सिंह, लक्ष्मी टण्डन, पेखन सिंह, म.आर. भारती राजपूत, द्रोपती ठाकुर, म.आर. (एम) राही यादव, प्रियंका सिंह एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित थे।

सांसद ने किया ध्वजारोहण, ली सलामी

बालोद/नवप्रदेश। बालोद में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने सुबह 9 बजे स्व.सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने सीएम साय का गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन किया। मुख्य अतिथि विजय बघेल ने श्वेत कपोत और रंगबिरंगे गुब्बारे छोड़े। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, संजारी-बालोद विधायक संगीता सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा,नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा, पूर्व विधायक प्रीतम साहू एवं राजेन्द्र राय, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव एवं यज्ञदत्त शर्मा सहित कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव, सेनानी 14वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल डीआर आचला, वनमंडल अधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, शशांक पाण्डेय तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील नायक के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

समारोह में स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा परेड में शामिल सशस्त्र बल, पुलिस बल के जवानों तथा स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट एवं हर्षफायर, राष्ट्रपति की जय का उद्घोष किया गया।

इस अवसर पर सांसद श्री बघेल और भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने जिले के शहीद जवानों के परिजनों को शॉल और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने जिला स्तर पर कर्तव्यों का श्रेष्ठ निर्वहन करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

अनेकता में ही एकता ही भारत की शान तभी तो हैं हमारा देश महान : योगेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस के अवसर पर बेमेतरा विधानसभा के ग्राम कोहड़िया में शहीद मुकेश वर्मा की स्मृति में राज्य स्तरीय छठवें साल डीजे डांस स्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमें सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी पहुंचे।

इस अवसर पर योगेश तिवारी ने कहा आज हम एक बहुत ही विशेष मौके पर इस कार्यक्रम में इकट्ठे हुए हैं, क्योंकि आज ही के दिन हमारा देश गणतत्र दिवस मना रहा है। भारत ने संविधान को 26 जनवरी 1950 को लागू किया था। हमारे देश के संविधान को लागू किए हुए 75 वर्ष हो गए हैं। यह हमें हमारे भारत के एक नए युग की जन्म तारीख को दिखलाता है, यह दिन हमें हमारे महान पुरुषों की याद दिलाता है। जिन्होंने हमारे देश को अंग्रेजों से आजादी दिलवाई। हमारे देश को अंग्रेजों ने गुलामी की जंजीरों में जकड़ रखा था। जिन लोगों ने हमारे देश को गुलामी की जंजीरों से छुड़ाया था। उन्हीं के कारण आज हम सुरक्षित हैं। इस दौरान लाखों लोगों बलिदान दिया। इस अवसर पर सरपंच पुनीतराम वर्मा, सदस्यगण डिमेंद्र, मनीराम, मनीष, जितेंद्र, दुर्गेश, राजेंद्र, डागेश, कौशल, चंद्रशेखर, विनोद, निखिल, रोहित, अमन, देव, अनुराग, चयन, रूपेश, विष्णु, सूरज, आकाश, रवि, विक्रम, पम्मी, दिलहरण, लवकुमार, अंकुश, पंकज, तिलोचन, इंद्रजीत, संजय, गुलशन, गणेश, धर्मेंद्र, मनोहर, देवेन्द्र, धनेश, हीरालाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

मंत्री बघेल ने फहराया तिरंगा

■ तीन रंग के गुब्बारे शांति स्वरूप आकाश में छोड़े

बेमेतरा/नवप्रदेश। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्री दयाल दास बघेल ने बेमेतरा जिला मुख्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में तिरंगा झंडा फहराया। बेमेतरा में हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। खाद्य मंत्री श्री बघेल ने परेड निरीक्षण कर परेड की सलामी ली और मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन किया। गणतंत्र दिवस समारोह बेमेतरा के बेसिक मैदान में आयोजित किया गया था। मंत्री श्री बघेल ने तीन रंग के गुब्बारे शांति स्वरूप आकाश में छोड़े। इस अवसर पर विधायक बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती लीना कमलेश मंडावी, अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने शहीदों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। इसके पश्चात विभिन्न स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा विभिन्न विभागों के शासकीय योजनाओं एवं गतिविधियों की झांकियों का प्रदर्शन भी किया गया। इसके साथ ही जिला और पुलिस प्रशासन के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी और जवानों तथा एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड के प्लाटून एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले स्कूल विद्यार्थी टीम को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

नवागढ़ में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

■ बच्चों ने दी प्रस्तुतियां

नवागढ़/नवप्रदेश। नगर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। नगर पंचायत नवागढ़ का मुख्य समारोह बस स्टैंड में हुआ। जहां अतिथियों ने गांधी चौक में ध्वजारोहण कर मार्चपास्ट की सलामी ली। कार्यक्रम में नगर के पार्षदगण व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संदेश का पठन किया। स्कूलों में ध्वजारोहण उपरांत नगर में रैलियां निकाली गई। सरस्वती शिशु मंदिर, गुरुकुल, न्यू गुरुकुल, स्वामी विवेकानंद,विद्या भारती पब्लिक स्कूल,ललित,रॉयल पब्लिक, इंडियन पब्लिक, बालक शाला एवं कन्या शाला सहित अन्य विद्यालयों के छात्रों ने देशभक्तिपूर्ण गीतों पर प्रस्तुति दी।

स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल नवागढ़ में मुख्य अतिथि नीलेश जायसवाल ,अध्यक्षता सौरभ ताम्रकार ने की। विशेष अतिथि विरेन्द्र जायसवाल ने मां सरस्वती व विवेकानंद के चित्र की दीप प्रज्वलित कर ध्वजा रोहण किया। गणतंत्र दिवस की बधाई दी।

गुरुकुल पहुंचे सैनिक नायक खेमसिंह राजपूत- गुरुकुल विद्यालय नवागढ़ में गणतंत्र दिवस पर जम्मू कश्मीर में नियुक्त भारतीय सेवा के सैनिक नायक खेम सिंह राजपूत पहुंचे। उनके आगमन से पूरा विद्यालय परिवार आनंदित हो गया। विद्यालय की प्राचार्या संयुक्ता सिंह ने ध्वजारोहण किया। विद्यालय के छात्रों ने कविता ,भाषण, नृत्य के माध्यम से देशभक्ति का माहौल बनाया। विद्यालय में सैनिक को अपने बीच पाकर कर बहुत गर्व महसूस किया ।

बजरंग व्यायाम शाला में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत ने किया ध्वजारोहण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुराना गंज चौक स्थित बजरंग व्यायाम शाला में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

समिति के सचिव चंद्रभूषण गायधने ने बताया कि सुबह 9 बजे व्यायाम शाला प्रांगण में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं बजरंग व्यायाम शाला के पूर्व अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने झंडा फहराया। इसके पूर्व महात्मा गांधी एवं भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई। स्वागत भाषण बजरंग व्यायाम शाला के अध्यक्ष कैलाश राठी ने दिया। मुख्य अतिथि सूर्यकांत जैन ने बजरंग व्यायाम शाला के सभी सदस्यों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि समिति पिछले 27 वर्षों से राष्ट्रीय पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाते आ रहे हैं, जो की उनकी अपने देश और संविधान के प्रति सम्मान को प्रदर्शित करता है। आज ही के दिन 75 पहले हमारे देश ने अपना संविधान को लागू किया था, जो कि विश्व का सबसे बड़ा एवं लिखित संविधान है। हमारी न्याय पालिका लोकतंत्र एवं कार्यपालिका के कार्य अधिकार एवं कर्तव्य की शक्ति निहित है। हमें अपने संविधान पर गर्व है।

लोगों की सेवा ही मेरे जीवन का उद्देश्य : भावना

■ पंडरिया में जनसेवा केन्द्र की हुई शुरुआत

पंडरिया/कवर्धा/नवप्रदेश। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने शनिवार को कुई-कुकदुर में भावना जनसेवा केन्द्र की शुरुआत की। इससे यहां रहने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान तथा शासकीय योजनाओं का लाभ मिलेगा। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने चुनाव के पूर्व भावना दीदी की गारंटी सेवा संकल्प पत्र में विधानसभा के 7 प्रमुख स्थानों पर भावना जनसेवा केंद्र की स्थापना करने का वादा किया था। कुई-कुकदुर में उन्होंने अपने पहले सुविधा केंद्र जनता को समर्पित किया।

इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि यह पल भावुकता और आत्मसंतोष से भरा हुआ है। पंडरिया के लोगों ने उन पर जो विश्वास किया और अपना आशीर्वाद दिया उसके प्रति उनका यह कर्तव्य भी है कि उनकी आकाँक्षाओं, जरूरतों को पूरा कर समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने संकल्प किया था कि पंडरिया में जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र की स्थापना की जाएगी। जल्द ही बाकी केन्द्रों की भी स्थापना की जाएगी। इसकी सारी तैयारियां कर ली गई हैं। अपने संकल्प पत्र में सर्व समाज के उत्थान से लेकर पंडरिया के विकास, मूलभूत सुविधाओं, महिला, शिक्षा, किसान, युवा, खेल एवं धार्मिक कार्यों एवं लोगों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए मजबूत कदम उठाने व लोगों की आकाँक्षाओं को पूरा करने का संकल्प लिया था। उसे पूरा किया जाएगा। कुछ ही समय में उनके सभी वादें जमीनी स्तर पर दिखाई देंगे।

उन्होंने कहा कि जनसेवा को लक्ष्य बनाकर जो कार्य किया है उसपर जनता ने विश्वास जताकर पंडरिया से जीत दिलाई है।

सड़क दुर्घटना रोकने संवेदनशीलता के साथ काम करें: कलेक्टर

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के दिशा सभा कक्षा में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में हुई। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कई अहम फैसले लिये गये। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना रोकने के लिए गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बैठक में जिले से होकर गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग मार्ग और राजकीय सड़कों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के सड़कों में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गहन विचार-विमर्श किया गया।कलेक्टर रणबीर शर्मा कहा कि सड़क सुरक्षा न केवल एक महत्वपूर्ण विषय हैं, बल्कि दुर्घटनाओं में कमी लाकर अमूल्य जिंदगियों को बचाया जा सकता है। उन्होंने आमजनों की जान-माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने पर बल दिया। वहीं जरूरत के अनुरूप ट्रैफिक सिग्नल और अन्य अधोसंरचना कार्यो को सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। वही नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के लिए कहा, साथ ही लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करने पर बल दिया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

उद्घोषणा

आनलाईन रा.प्र.क्र. 202401211100056
अ-2/वर्ष 2023-24 ग्राम अवरेठी प.ह.नं. 10

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय संचालक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश बलौदाबाजार के पत्र क्रमांक 1774/डाय./106/नग्रानि/2023 बलौदाबाजार दिनांक 10.08.2023 के अनुसार आवेदक आकाश शर्मा पिता महावीर शर्मा के द्वारा ग्राम अवरेठी प.ह.नं. 10 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 41/2 रकबा 0.2330 हे. का मूल खसरा नंबर 41/1 का भू उपयोग विकास योजना अनुसार प्रस्तावित औद्योगिक वर्तमान मार्ग आर.आर. 30 मी. की प्रस्तावित चौड़ीकरण प्रयोजन होना बताया है। उक्त अभिमत के आधार पर आवेदक आकाश शर्मा पिता महावीर शर्मा निवासी संजय वार्ड भाटापारा के द्वारा ग्राम अवरेठी प.ह.नं. 10 तहसील भाटापारा स्थित भूमि खसरा नंबर 41/2 रकबा 0.2330 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुर्न निर्धारण के लिए खसरा, नक्शा, बी-1 सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो प्रकरण नियत तिथि दिनांक 29/01/2024 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 8503 दिनांक 25.01.2024
वार्ड का नाम - 53 - बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR651J00831 जो की निगम अभिलेख श्री /श्रीमती SURENDRA VERMA पिता/पति श्री/श्रीमती TEJRAM VERMA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती SANTOSH KUMAR BEHRA पिता/पति श्री/ श्रीमती S/O NAKUL BEHRA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

